# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 347 । भोपाल, रविवार, 17 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए

प्रभारी प्राचार्य से अभद्रता करने वाले शिक्षक पर होगी सख्त कार्रवाई पृष्ठ 2
▪ दौड़
▪ प्रज्ञान पृष्ठ 4
▪ ताप्ती मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे सीएमओ पृष्ठ 6
हर झुग्गी-झोपड़ी तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है पृष्ठ 8

कानून मंत्री ने संसद में दी जानकारी

## देश की अदालतों में 5 करोड़ मामले लंबित





### सुप्रीम कोर्ट में 80 हजार, उच्च न्यायालयों में 61 लाख से ज्यादा मामले

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सुप्रीम कोर्ट, 25 हाईकोर्ट, डिस्ट्रिक्ट और अधीनस्थ अदालतों में 5 करोड़ से ज्यादा मामले लंबित हैं। यह जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में दी। कानून मंत्री ने एक सवाल के जवाब में बताया कि 1 दिसंबर तक देशभर की अदालतों में 5 करोड़ 8 लाख 85 हजार 856 केस सुनवाई के लिए बाकी हैं। इनमें से 61 लाख से ज्यादा केस 25 हाईकोर्ट्स में लंबित हैं।

6 महीने में सुप्रीम कोर्ट के पेंडिंग केस 10 हजार बढ़े मेघवाल ने बताया कि मौजूदा समय में 80 हजार केस सुप्रीम कोर्ट में लंबित हैं। छह महीने पहले 1 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में लंबित केसों की संख्या 69 हजार 766 थी। जो 1 दिसंबर को बढ़कर 80 हजार से ज्यादा हो गई। तीन साल पहले 10 हजार लंबित केस बढ़ने में मार्च 2020 से जुलाई 2023 तक का समय लगा था।

### न्यायपालिका में कुल 26 हजार 568 जज

अर्जुन राम मेघवाल ने यह भी कहा कि भारतीय न्यायपालिका में जजों की कुल स्वीकृत संख्या 26 हजार 568 है। सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 34 है। वहीं, हाईकोर्ट्स में जजों की संख्या 1,114 है। जिला और अधीनस्थ अदालतों में जजों की स्वीकृत संख्या 25,420 है। लोकसभा में बोलते हुए कानून मंत्री ने बताया कि साल 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने 15 जून तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से भी मामलों की सुनवाई की। इनमें कुल 1 लाख 82 हजार से ज्यादा का निपटारा हुआ। इसके अलावा गुजरात, गुवाहाटी, उड़ीसा, कर्नाटक, झारखंड, पटना और मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के साथ सुप्रीम कोर्ट ने कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच की कार्यवाही की लाइव स्ट्रीमिंग शुरू की है।

उज्जैन में अभूतपूर्व स्वागत से अभिभूत हुए मुख्यमंत्री

# उमड़ा जनसैलाब, रथ पर सवार होकर किया उज्जैनवासियों का अभिवादन






**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दशहरा मैदान से प्रारम्भ हुई स्वागत यात्रा में मुख्यमंत्री का जगह-जगह आत्मीय स्वागत किया गया।

मुख्यमंत्री की स्वागत यात्रा दशहरा मैदान से होते हुए सुराना पैलेस होटल, कंट्रोल रूम तिराहा, वर्षा झोन कॉर्नर से फ्रीगंज गुरूद्वारा होते हुए निखार फैशन की ओर बढ़ी। शहर की विभिन्न मार्गों में लोगों ने कतारबद्ध होकर अपने प्रिय मुख्यमंत्री पर पुष्पों की वर्षा की। छतों से, गैलरी से, स्वागत मंचों से लोगों ने पुष्पों की वर्षा की। शहर में लगभग 300 स्वागत मंच बनाये गये थे। मुख्यमंत्री की यात्रा आगे शहीद पार्क सर्कल, टॉवर चौक होते हुए तीन बत्ती चौराहा पहुंची। सभी जगह विभिन्न समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री का आत्मीय अभिनन्दन किया। हर कोई अपने प्रिय मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिये आतुर नजर आया। जनता अपने प्रिय मुख्यमंत्री को अपने समीप देख आनन्द से आल्हादित हो गई। यात्रा आगे सिंधी कॉलोनी तिराहा से शास्त्री नगर, विवेकानंद कॉलोनी से लोटि स्कूल चौराहा पहुंची। यात्रा मार्गों पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं, संगठनों, जनप्रतिनिधियों, आम नागरिकों, शहरवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत किया। रथ सवार होकर मुख्यमंत्री डॉ.यादव जब विभिन्न स्थानों से होकर गुजरे तो लोगों ने मुख्यमंत्री का उत्साह से स्वागत किया। स्वागत यात्रा आगे धन्नालाल की चाल, फ्रीगंज, चामुण्डा माता चौराहा, देवासगेट, मालीपुरा, दौलतगंज, नईसड़क से होते हुए कंठाल चौराहा, सराफा पहुंची। रथ पर मुख्यमंत्री के साथ सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, आलोट विधायक चिंतामणि मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल, पूर्व विधायक पारस जैन, यूडीए अध्यक्ष श्याम बंसल सहित अन्य आदि जनप्रतिनिधि सवार थे। सम्पूर्ण स्वागत यात्रा के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कमला कुंवर, विवेक जोशी, बहादुर सिंह बोरमुंडला, नगर निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव, दिलीप सिंह शेखावत, शान्तिलाल धबाई, राजेन्द्र भारती, बहादुर सिंह चौहान, विशाल राजौरिया, सनवर पटेल, राजपाल सिंह सिसौदिया, जगदीश पांचाल, पूर्व नगर निगम सभापति सोनू गेहलोत, अशोक प्रजापत, वीरेन्द्र कावड़िया, रूप पमनानी, ओम जैन, जगदीश अग्रवाल, शिवेन्द्र तिवारी, हेमन्त व्यास, इकबाल सिंह गांधी, जिला पंचायत सदस्य शोभाराम मालवीय, पार्षद, जनप्रतिनिधि आदि अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से की बात

## 5 और राज्यों में शुरू हुई विकसित भारत संकल्प यात्रा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विकसित भारत यात्रा पांच और राज्यों में राज्यों में शुरू हो गई है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हरी झंडी दिखाई। जहां विधानसभा चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू होने के चलते शुरू नहीं किया जा सका था।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि यह यात्रा पिछले एक माह में न केवल सैकडो शहरी बल्कि हजारों ग्रामीण इलाकों में पहुंच चुकी है। उन्होंने पांचो राज्यो की नई सरकारो से अपील की कि वे अपने-अपने राज्यों की जनता तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के लिए हर व्यवस्था को सुदृढ करें। प्रधानमंत्री ने कहाकि उनकी सरकार का लक्ष्य है कि हर तबके तक केंद्र की योजनाओं का लाभ पहुंच सके।इस दौरान उन्होंने इस योजना के लाभाथियो से भी बात की। मुंबई की लाभार्थी महिला उद्यमी मेघना ने प्रधानमंत्री से बात करते हुए बताया कि वह एक सिंगल मदर हैं,उसके सामने रोजगार का संकट था। ऐसे में उसने मुद्रा योजना के तहत बैंक से ऋण लिया और अपना व्यवसाय शुरू किया। मेघना ने बताया कि आज उसका व्यवसाय काफी अच्छा चल रहा है और उसने कई अन्य महिलाओं को भी अपने यहां रोजगार दिया है।

### प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार करेगी संकल्प यात्रा



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने कई क्षेत्रों में विश्व में उत्कृष्ट छवि निर्मित की है। जनकल्याण और विकास के क्षेत्र में देश व प्रदेश में और बेहतर कार्य हो तथा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रम का लाभ मिल सके, इस उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री मोदी की परिकल्पना के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ की जा रही है। यात्रा के माध्यम से जनकल्याण की योजनाओं और कार्यक्रमों का अधिक प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा, साथ ही यह प्रयास होगा कि इन योजनाओं और कार्यक्रमों के लाभ से कोई भी वर्ग वंचित न रहे। यह यात्रा प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करेगी।

प्रदेश कांग्रेस में बड़ा फेरबदल

## पटवारी को बनाया प्रदेश अध्यक्ष, सिंघार को सौंपी नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी







**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में बड़ा फेरबदल देखने को मिला है। पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ की जगह युवा नेता जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। वहीं आदिवासी नेता उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जबकि विधायक हेमंत कटारे को उप नेता बनाया गया है। पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने आज नई दिल्ली में इन नियुक्तियों की घोषणा की।

हाल ही में हुए कांग्रेस ने कमलनाथ के नेतृत्व में विधानसभा का चुनाव लड़ा था जिसमें पार्टी की बड़ी हार का सामना करना पड़ा था। तभी से प्रदेश कांग्रेस में फेरबदल की अटकलें लगाई जा रही थीं। पिछले दिनों दिल्ली में हुई पार्टी की समीक्षा बैठक में कांग्रेस आलाकमान ने पार्टी संगठन में फेरबदल के लिए नए नेताओं के नामों का सुझाव भी मांगा था। ऐसी अटकलें थीं कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ हार की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। बाद में ऐसी खबरें भी आईं कि वे लोकसभा चुनाव तक अपने पद पर बने रहेंगे।

### कटारे उप नेता बने

बताया जाता है कि कमलनाथ को यह संकेत पहले ही मिल गए थे, कि पार्टी जल्द ही फेरबदल कर सकती है। लेकिन वे इससे सहमत नहीं थे। वे चाहते थे कि लोकसभा चुनाव तक वे प्रदेश कांग्रेस की कमान संभालें। किन्तु पार्टी आलाकमान आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर ज्यादा गंभीर है। इसलिए तीनों युवा नेताओं को कमान सौंपी गई है। प्रदेश अध्यक्ष बनाए गए श्री पटवारी राहुल गांधी की पसंद माने जाते हैं। वे इस बार विधानसभा चुनाव हार गए हैं। जबकि नेता प्रतिपक्ष बनाए गए उमंग सिंघार प्रमुख आदिवासी चेहरा हैं। वहीं उप नेता बनाए गए हेमंत कटारे ब्राह्मण वर्ग से आते हैं। देखा जाए तो कांग्रेस ने इन नियुक्तियों में जाति समीकरण भी साधने की कोशिश की है। पार्टी का मानना है कि इन तेजतर्रार युवा नेताओं को कमान देने से प्रदेश में पार्टी संगठन मजबूत होगा।

भाजपा बोली-

## हारे हुए नेताओं से मार्गदर्शन लेंगे कांग्रेसी

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस में फेरबदल पर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि हार के सहारे, कांग्रेस बेचारे कई चुने हुए नेता एक हारे हुए अध्यक्ष से ही मार्गदर्शन लेंगे। उन्होंने लिखा कि नाथ की बिसात चौपट करते हुए कांग्रेस अब जीतू पटवारी के साथ। ये वही जीतू पटवारी हैं जो नफरती हिंदू शब्द गढ़ते हैं। गालीबाज नेताओं की श्रेणी मे अव्वल हैं। खुद विधायक का चुनाव हार चुके हैं, लगता है कांग्रेस आलाकमान ने भी सोच लिया है कि मध्यप्रदेश में पार्टी जाए तेल लेने। भाजपा नेता ने उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर कहा है कि इससे साफ हो गया है कि दिग्विजय सिंह के खिलाफ मुखर रहे और उनके काले कारनामों की समय-समय पर पोल खोलने का इनाम दिया गया है।




पदयात्रा पश्चिम व उत्तर भारत के कई शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी

# भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जनवरी में

### 2 महीने से अधिक समय तक चलेगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण आयोजित करने की योजना बना रही है, जो जनवरी के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, भारत जोड़ो यात्रा का पहला चरण, जिसका नेतृत्व पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी ने किया था और पांच महीने में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर तक 4,000 किमी से अधिक की यात्रा की थी, कांग्रेस कार्यकर्ता को एक साथ लाने के लिए एक बड़ी सफलता थी। इसी प्रकार पार्टी ने 2024 में जनवरी के पहले सप्ताह से यात्रा के दूसरे चरण की योजना बनाई है, जो पार्टी के लोकसभा अभियान की भी शुरुआत करेगी।

सूत्र ने कहा कि यात्रा के दूसरे चरण की योजना जनवरी के पहले सप्ताह से बनाई जा रही है।

सूत्र ने बताया कि इस बार भारत जोड़ो यात्रा 2.0 हाइब्रिड मोड में होगी, इसमें पद यात्रा और बस से यात्रा शामिल होगी। सूत्र ने कहा कि पदयात्रा पश्चिम और उत्तर भारत के कई शहरों और गांवों से होकर गुजरेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यात्रा पूर्वोत्तर से शुरू होगी और दो महीने से अधिक समय तक चलेगी। सूत्र ने बताया कि पार्टी नेता भारत जोड़ो यात्रा के ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### संसद में हुई घटना का संबंध बेरोजगारी व महंगाई से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में हुई चूक को गंभीर मुद्दा बताया लेकिन कहा कि इस घटना का संबंध युवाओं में फैली बेरोजगारी और महंगाई है। श्री गांधी ने कहा, संसद सुरक्षा में हुई चूक का कारण बेरोजगारी और महंगाई है। नौकरियां कहां हैं। युवा हताश हैं -हमें इस मुद्दे पर फोकस करना है और युवाओं को नौकरी देनी है। सुरक्षा चूक ज़रूर हुई है, मगर इसके पीछे कारण ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

### कांग्रेस कल से एकत्रित करेगी फंड

2024 लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी फंड बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए पार्टी क्राउड फंडिंग मुहिम की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस ने इस मुहिम का नाम 'डोनेट फॉर देश' रखा है। 18 दिसंबर को दिल्ली से इसकी शुरुआत होगी। पार्टी ने अपने सभी पदाधिकारियों और सदस्यों को इस मुहिम में कम से कम 1380 रुपए का योगदान देने को कहा। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस कर क्राउड फंडिंग मुहिम लॉन्च करने की बात कही। वेणुगोपाल ने कहा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ▪ शेष पृष्ठ 8 पर

## सार समाचार

### शासन के निर्देशो का पालन करने को लेकर मीटिंग आज

**आष्टा, देशबन्धु।** आज रविवार को जनपद हाल अलीपुर में समय 11 बजे एक महत्वपूर्ण मीटिंग आयोजित की गई ।जिसमें शासन के लाउड स्पीकर एवं मांस विक्रय के संबंध में जारी दिशा निर्देश की जानकारी एवं खुले में बोरवेल को बंद कराने संबंधी कानूनी प्रावधान की जानकारी हेतु शांति समिति की बैठक रखी गई गई है जिसमें सभी जनप्रतिनिधिगण , पत्रकार बंधु एवं गणमान्य नागरिक ,व्यापारी बंधु और संबंधित व्यक्ति उपस्थित रहेगे।

### विशाल कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारम्भ

**गुना, देशबन्धु।** शहर की नानाखेड़ी क्षेत्र स्थित ब्रज विहार कॉलोनी में श्रीमद् भागवत कथा का का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार सुबह 10 बजे नानाखेड़ी स्थित मंदिर से एक विशाल कलश यात्रा निकाली हुई, जोकि मुख्य मार्ग से होते हुई कथा स्थल बृज विहार कॉलोनी पहुंची कथा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे। कथा का वाचन संजय शास्त्री गुना के द्वारा किया जावेगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे 3 बजे तक किया जाबेगा, जोकि 23 तारीख तक कथा चलेगी।

मंडी में अनाज बेचने जा रहे

# 2 व्यक्तियों की ट्रेक्टर पलटने से हुई मौत

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत मंडी में अनाज बेचने आ रहे दो व्यक्तियों की बालापुर-रोरिया के बीच ट्रेक्टर-ट्रॉली पलटने से मौत हो गई। घटना शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत शाम रघुवीरसिंह पुत्र कमरलाल राजपूत (55) निवासी आमखेड़ा मुगीस एवं रिश्तेदार नैनसिंह पुत्र भगवान सिंह राजपूत (40) निवासी क्षेत्रपाल के मंडी अनाज बेचने गये थे। तडके जब परिजनों को इसकी खबर लगी तो वह मौके पर पहुंचे। यहां उनका आयसर ट्रेक्टर वालापुर रोरिया के बीच तेंदवाल में खेत में मिला। परिजनों के अनुसार दोनों व्यक्ति शुक्रवार रात्रि करीब 08.45 बजे ट्रेक्टर में अनाज बेचने आरोन मंडी के लिए निकले थे। ट्रेक्टर रविन्द्र पुत्र जसवंत सिंह रघुवंशी चला रहा था। वहीं एक तरफ मदगार्ड पर हम दोनों बैठे थे। दूसरी तरफ रघुवीर सिंह व नैन सिंह बैठे थे। इस दौरान रविन्द्र ने समय करीब 09.30 बजे होगा तेजी व लापरवाही से ट्रेक्टर को चलाकर तेंदवाल के पास ट्रेक्टर को दाहिनी ओर पलट दिया। जिससे रघुवीर और नैनसिंह ट्रेक्टर के नीचे दब गये और उनकी मौके पर ही मृत्यू हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद चालक रविन्द्र मौके पर ट्रेक्टर को छोडक़र भाग गया। शनिवार सुबह दोनों मृतकों के शव का पीएम कराकर पुलिस ने शव परिजनों को सौंपा है। वहीं मामले में आरोपी चालक पर मामला दर्ज किया है।

### स्कूल से पढ़ा कर लौट रहा शिक्षक सडक़ दुर्घटना में घायल

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत बनवीरखेड़ी के निकट दो मोटर सायकिलों में भिड़ंत हो गई। जिसमें स्कूल से पढ़ा कर लौट रहा शिक्षक घायल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी विकास कुमार शर्मा पुत्र महेश कुमार शर्मा निवासी भट्ट मोहल्ला बजरंगगढ़ ने बताया कि वह ग्राम पडूली राजपुर थाना कचनार में शासकीय प्राथमिक स्कूल में शिक्षक के पद पर पदस्थ है। गत दिवस स्कूल से पढ़ाने के बाद अपनी मोटर साइकिल क्र.एमपी 08 जेडसी 5552 से वापस अपने घर बजरंगगढ आ रहा था। जैसे ही शाम को वनवीरखेडी की पुलिया के आगे पहुंचा तभी मेरे पीछे से आ रही मोटर साइकिल के चालक ने अपनी मोटर साइकिल को तेजी व लापरवाही पूर्वक चला कर मेरी मोटर साइकल में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। फिलहाल पुलिस ने बाईक क्रमांक 08- -2559 के चालक पर मामला दर्ज किया है।

सोशल मीडिया पर वायरल हुई खबर को लेकर डीईओ ने लिया संज्ञान

# प्रभारी प्राचार्य से अभद्रता करने वाले शिक्षक पर होगी सख्त कार्रवाई

### जिला शिक्षा अधिकारी जांच करने पहुंचे उकावद हाईस्कूल, जांच कर स्टाफ के समक्ष बनाया पंचनामा

गुना। विगत दिवस सोशल मीडिया पर शासकीय हाई स्कूल ऊकावद विकासखंड राघौगढ़ का एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें प्रभारी प्राचार्य के उपस्थिति रजिस्टर के हस्ताक्षर वाले कॉलमों में एक शिक्षक द्वारा अवैधानिक रूप से लाल लाइन फेर दी गई और प्रभारी प्राचार्य से अभद्रता की।

दरअसल उक्त वीडियो शनिवार सोशल मीडिया पर वायरल होते ही जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया के पास पहुंचा तो उन्हें स्वत- संज्ञान लेते हुए तत्काल उकावद हाई स्कूल पहुंचकर जांच की तथा उपस्थित स्टाफ के समक्ष पंचनामा बनाया। जियमें उल्लेख किया गया है कि प्रभारी प्रभारी जगदीश चंद्र शिकारी द्वारा बताया गया कि 15 दिसम्बर 23 को मा.शि. गिरराज किशोर साहू द्वारा प्राचार्य के हस्ताक्षर वाले कोलम में दिनांक



15 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 23 तक लाल स्याई से लाईन खींच दी। इस लाल स्याई का कारण पूछने पर प्रभारी प्राचार्य शिकारी से अभद्र व्यवहार करते हुए मारने की धमकी देने लगा और गाली-गलोंच की गई यह जांच में सही पाया गया। प्राथमिक शिक्षक साहू द्वारा समस्त स्टाफ के साथ भी बदसलूकी की गई। जिसकी स्टाफ एवं छात्रों ने डीईओ के समक्ष उपस्थित होकर घटना की जानकारी दी। घटना की शिकायत प्राचार्य द्वारा पुलिस चौकी में दर्ज कराई गई है। जिसमें प्रभारी प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ द्वारा शिक्षक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की मांग की गई। वहीं जांच के दौरान संबंधित आरोपी शिक्षक के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई हेतु पंचनामा व प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बनाया गया। गौरतलब है कि इस प्रकार की खबरों से शिक्षा विभाग की छवि खराब होकर विभाग सुर्खियों में रहता है। इसके चलतेजिला शिक्षा अधिकारी द्वारा घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उकावद स्कूल पहुंचकर इस प्रकरण की जांच की तो घटना सही पाई गई। इसी क्रम में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा तत्काल पंचनामा बनाया और संबंधित आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित की कार्रवाई शीघ्र की जाएगी।

# ढाका विजय दिवस पर शिशु मंदिर के छात्रों ने निकाला पथ संचलन



**गुना, देशबन्धु।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महावीरपुरा द्वारा ढ़ाका विजय दिवस के उपलक्ष्य में नगर में शनिवार को पथ संचलन निकाला गया। यह संचलन विद्यालय से आरंभ होकर बस स्ण्टैड, मानस भवन, लक्ष्मी गंज, सदर बाजार, जय स्तंभ चौराहा होते हुए वापस विद्यालय परिसर में पहुँचा। संचलन में घोष पर भैया-बहन कदमताल करते हुए निकले। इस दौरान नगर में प्रमुख स्थानों पर समाज के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया गया।

संचलन के समापन अवसर पर विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के सह सचिव महैन्द्र सिंह रघुवंशी ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1971 में आज ही के दिन भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत हासिल की थी। 1971 में 13 दिनों तक चले युद्ध में भारतीय सेना की बहादुरी के सामने पाकिस्तानी सेना के 93 हजार से ज़्यादा सैनिकों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। जिसके परिणाम स्वरूप पूर्वी पाकिस्तान आज़ाद हुआ था और बांग्लादेश बना था। उन्होने कहा कि आज का दिन विजय उत्सव मनाने के साथ ही इस युद्ध में शहीद हुए भारतीय सैनिकों का स्मरण दिवस भी है। भारत के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देकर उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए प्रति वर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में भारत कल्याण केन्द्र समिति के उपाध्यक्ष भारत भूषण मंगल, व्यवस्थापक चन्द्रशेखर कुशवाह, विद्यालय के प्राचार्य सुभाष चन्द्र दांगी, प्रधानाचार्या श्वेता पाण्डेय मौजूद रहीं। संचालन आचार्य विवेक बाण्डे द्वारा किया गया।

### रंगीन मिजाज पोस्ट मास्टर पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** आखिरकार तीन महीने बाद रंगीन मिजाज पोस्ट मास्टर पर सिटी कोतवाली में छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ है। लंबी विभागीय जांच झेल रही पीड़िता को गत दिवस आरोपी पोस्ट मास्टर द्वारा बयान देने के दौरान जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़िता ने सिटी कोतवाली में पोस्ट मास्टर की शिकायत की। पुलिस के अनुसार मुख्य डाकघर में पोस्टमैन के पद पर पदस्थ पीड़िता ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह 15 दिसंबर 22 से अप्रैल 23 तक पोस्टमैन के पद पर बीट में पदस्थ थी। चूंकि पीड़िता की बच्ची छोटी होने एवं मेडिकल परिस्थितियों के चलते उसने अपना अटैचमेंट स्पीड पोस्ट ब्रांच प्रधान डाकघर कर्नलगंज में करा रखा था। उसके बाद लगभग 10 मई से कार्यालय में पदस्थ पोस्ट मास्टर बीएम मिश्रा द्वारा आए दिन उसे परेशान किए जाने लगा। पोस्ट मास्टर पीड़िता को धमकी देते कि वह उसे वापस बीट में भिजवा देंगे, इसलिए कार्यालय में मेरे हिसाब से काम करो। ड्यूटी के दौरान बीएम मिश्रा लगातार पीड़िता को बुरी नियत से घूरते थे और अश्लील कमेंट्स करते थे। यहीं नहीं आरोपी पोस्ट मास्टर लगातार पीड़िता को बाहर घूमने, समय बिताने के लिए मजबूर करते थे। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने धमकी दी कि तुम्हें वापस बीट में पदस्थ कर दूंगा। इसके बाद सितंबर 23 में आरोपी ने पीड़िता को मिलने के लिए शुभम होटल के बाहर बुलाया। जिस पर पीड़िता डर और मजबूरी में होटल चली गई। यहां बीएम मिश्रा एक कार में मिले और उन्होंने पीड़िता को कार में बैठने को कहा। डर के कारण पीड़िता कार में बैठ गई तो आरोपी उसे मारूरी शोरूम केआगे ले गया। यहां किसी सुनसान जगह पर बुरी नियत से उसे छूने लगा। इस दौरान पीड़िता किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकल कर भागी। यहीं नहीं आरोपी द्वारा उसके अश्लील फोटो और वीडियो दिखाकर उसे धमकाने लगा। जिस पर उसने डर केकारण दस हजार रुपए भी दिए। लेकिन उसके बाद भी उसकी हरकतें नहीं रूकी तो पीड़िता ने इसकी शिकायत विभाग में की। जिसकी जांच जारी है।

### पंचायत उप निर्वाचन के लिए विभिन्न अधिकारियों को किया गया नोडल अधिकारी नियुक्त

**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2023 (उत्तरार्द्ध) हेतु निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया जा चुका हैं । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण राठी द्वारा निर्वाचन कार्य समय एवं सुचारू रूप से संपन्न कराये जाने हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं । जारी आदेशनुसार जिपं सीईओ प्रथम कौशिक को प्रशिक्षण एवं मतगणना व्यवस्था, एडीएम मुकेश कुमार शर्मा को कानून एवं यातायात व्यवस्था, डिप्टी कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी संजीव खेमरिया को मेन पावर मैनेजमेंट, जिला कोषालय अधिकारी राकेश कुमार को मतपत्र मुद्रण, जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी गुना आरबी गोयल को सामग्री व्यवस्था, उपसंचालक जनसंपर्क श्री बीएस मीना को मीडिया प्रभारी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग वी. सिसौदिया को शिकायत, जिला प्रबंधक ईगर्वनेंस गौतम श्रीवास्तव आईटी एण्ड टेक्नोलॉजी, प्रचार्य सीएम राइज आशीष टांटिया को कम्यूनिकेशन प्लॉन, कार्यपालन अधिकारी लोक निर्माण विभाग जेके पंत दृढ़ कक्ष एवं मतगणना हेतु व्यवस्था के नोडल अधिकारी नियुक्त किये गये हैं ।

### निर्भया कांड की बरसी पर डीएसओ ने श्रद्धांजलि

**गुना, देशबन्धु।** पीजी कॉलेज में छात्र संगठन डीएसओ ने एक कार्यक्रम आयोजित कर रेप पीड़िताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समाज में होने वाली ऐंसी घटनाओं की कड़े शदों में निंदा करते नशा और अपसंस्कृति के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने की बात कही। डीएसओ की कालेज इकाई के पदाधिकारियों ने बताया कि आज ही के दिन दिसंबर 2012 में दिल्ली में पैरामेडिकल छात्रा के साथ छह दरिंदों ने रैप की घटना को अंजाम दिया था।

इस घटना के विरोध स्वरूप डीएसओ प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को काला दिवस के रूप में मनाता है। इस तरह की घटनाओं का विरोध करता है। आज रैप पीड़िताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। डीएसओ ने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए नशे के खिलाफ कार्रवाई करना आवश्यक है। लेकिन यह अफसोस जनक है कि सरकारें इस दिशा में कोई काम नहीं कर रही हैं। समाज में आए दिन रैप और बलात्कार की घटनाएं सामने आ रही हैं। डीएसओ ने सभी छात्रों से नशा और अपसंस्कृति के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने का आग्रह किया है।

# क्लीन टॉयलेट अभियान के द्वारा नागरिकों को किया जागरूक



**आष्टा, देशबन्धु।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत न.पा. अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर राय सिंह मेवाडा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के आदेशानुसार एवं एवी एस कंसल्टेंसी टीम के द्वारा नगर में स्वच्छता क्लीन टॉयलेट अभियान के द्वारा नगर वासियों को जागरूक किया गया तथा उन्हें समझाया गया कि आप अपने निकाय के सार्वजानिक शोचालय का उपयोग करे। हमारे आसपास किसी भी प्रकार के येलो और रेड प्रकार की गन्दगी नही करना है हमारे नगर को साफ़ और स्वच्छ बनाना है तथा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत निकाय में स्थित सार्वजनिक शौचालय जनपद पंचायत के पास, एवं कन्नौद रोड मंडी गेट के पास, मुक्तिधाम के सामने वाले सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई करवाई गई । एस आई विनोद सांगते ज्ञानसिंह बामनिया, योगी सक्सेना, जमादार मनोज रवि राजू अंकित मखमल रेहान पठान शिवलाल यादव जितेंद्र मेवाड़ा राकेश मेवाड़ा भूपेंद्र शिव कुमार देवबगस रैकवाल नंदलाल झा आदि उपस्थित रहे।

# अंतिम नोटिस को भी बीत गए 21 माह आज भी अतिक्रमण बरकरार

**आष्टा, देशबन्धु।** वैसे तो नगर में चारो ओर अतिक्रमण आसानी से देखने को मिल जाएगा चाहे वो स्थाई हो या अस्थाई कच्चा हो चाहे पक्का। प्रशासन पर अभी तक कुछ दबंग अतिक्रमणकारी भारी नजर आए है। यही कारण है कि जब जब भी अतिक्रमण मुहिम चली। अस्थाई एवं कच्चे और और छोटे अतिक्रमणकारीयो पर भी कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाने की इतिश्री कर ली। जबकि नगर में आज भी कई बड़े अतिक्रमण ऐसे है। जो प्रशासन को चुनौती देते हुए अतिक्रमणकारी कही न कही राजनीति संरक्षण प्राप्त होने के कारण आज भी बरकरार है। प्रशासन द्वारा नोटिसो का आदान प्रदान करते करते वर्षो बीत गए।

इस बीच कई बार नोटिस देने वाले अधिकारी पर ही ट्रांसफर की कार्यवाही हो गई। फिर नए अधिकारी आते है। और फिर नोटिस को देकर जवाब मांगा जाता है। ऐसी प्रक्रिया चलते चलते 14 साल का लंबा समय बीत गए। और अतिक्रमण



आज भी बरकरार है। प्रशासन की कार्यवाही लगातार चलते चलते अंतिम नोटिस देकर यह चेतावनी दी गई कि तीन दिन की अवधि में अतिक्रमण हटा ले। और शासकीय भूमि को रिक्त कर सूचित करे अंतिम नोटिस मे यह भी चेतावनी दी गई कि अतिक्रमण न हटाने की स्थिति में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा। जिसमे होने वाले खर्चा अतिक्रमणकारीयो से वसूला जाएगा। उक्त नोटिस 10 फरवरी 2022 को तत्कालीन तहसीलदार के हस्ताक्षर से जारी हुआ। लेकिन तीन दिन की बात छोड़ो 21 माह बाद भी न अतिक्रमण हटा। न ही अतिक्रमणकारीयो पर कोई कार्यवाही की गई। आज भी तहसील के सामने रास्ते वाला अतिक्रमण बरकरार है। और अतिक्रमणकारी प्रशासन को खुली चुनौती दे रहा है।

# श्रीमद् भागवत कथा के शुभारंभ अवसर पर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**आरोन, देशबन्धु।** मां पीतांबरा सेवा समिति के तत्वाधान में नगर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए सनकादिक आश्रम से एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई पंडित रामसेवक शास्त्री के द्वारा सनकादिका आश्रम के श्री महंत ओमकार दास महाराज से आशीर्वाद प्राप्त कर भगवान राधा कृष्ण एवं पोथी पूजन करने के पश्चात गाजे बाजे के साथ एक भव्य कलश यात्रा निकाली गई ।कलश यात्रा में सबसे आगे बैंड बाजे वाले सुंदर भजनों की प्रस्तुति देते हुए चल रहे थे उनके पीछे कन्याएं अपने सर पर कलश रखकर तथा माता बहने एवं पुरुष भक्ति करते हुए चल रहे थे कलश यात्रा का चल समारोह इंदिरा पार्क पुराना बस स्टैंड गुलाबगंज चौराहा से होते हुए सनातन धर्म परिसर कथा स्थल पर पहुंची यहां पर विधि विधान से पूजन अर्चन कर रविवार से दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक भागवत कथा का संगीत मय वाचन होगा। रास्ते में अनेक जगह पोथी पूजन एवं भगवान राधा कृष्ण का पूजन किया गया तथा पुष्प वर्षा की गई। नगर के सबसे वरिष्ठ गजानन पटेल ने परिवार सहित पूजन किया। गोवर्धन किराना भंडार पर सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद शर्मा के नेतृत्व में चंद्रमोहन शर्मा के द्वारा कथा व्यास रामसेवक शास्त्री को फूल माला पहनाकर तिलक लगाकर एवं शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र महाकाल बाबा के टीम के सदस्य तानने बजाते हुए चल रहे थे वह रहे।

# प्राचीन शंकर मंदिर से लाउडस्पीकर हटाए



**आष्टा, देशबन्धु।** प्राचीन श्री शंकर मंदिर के लाउड स्पीकर स्वेच्छा से उतारे गए। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश पर प्रशासन नगर के सभी मंदिरो के पुजारी एवं मस्जिदो के मौलवीयो एवं गणमान्य नागरिको की मीटिंग ली गई थी। जिसका पालन लगातार सभी धर्म के लोग कर रहे है। मीटिंग के तत्पश्चश्चात शंकर मंदिर के लाउडस्पीकर उतारे गए। समिति के अध्यक्ष सुदीप जायसवाल ने बताया कि शासन के निर्देश का पालन करते हुए मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप लाउडस्पीकर निकाले गए है। वही श्री जायसवाल ने कहा कि तेज गति से लाउडस्पीकर डीजे बजने से बीमार लोगो के स्वस्थ्य पर और बुरा असर पड़ता है। मुख्यमंत्री के आदेश का हम स्वागत करते है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुदीप जायसवाल गोपालदास राठी, चंद्रसिंह राजपूत, शैलेंद्र सिंह राजपूत, अशोक भूतिया, धर्म सोनी, प्रहलाद सिंह भगत मेवाड़ा, सुनील जामलिया गेंदा लाल विश्वकर्मा ,महेश पांचाल,अके सिंह, चंदर सिंह मालवीय, भुरू सोनी, फूलचंद कचनेरिया,सचिन शर्मा,राकेश भावसार,बाबू पांचाल,राजेंद्र वर्मा, महेंत हेमंत गिरी,पुजारी शैलेंद्र गिरी और अन्य लोग उपस्थित रहे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ

# योजनाओं से छूटे हितग्राही लाभान्वित होंगे

**सीहोर, देशबन्धु।** प्रदेश के साथ ही जिले में भी 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया है। जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं बुधनी विधायक श्री शिवराज सिंह चौहान, सांसद श्री रमाकांत भार्गव, विधायक श्री करण सिंह वर्मा, श्री सुदेश राय, श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, आदिवासी वित्त विकास निगम अध्यक्ष श्रीमती निर्मला बारेला ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम स्थल पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजना से लाभान्वित अनेक हितग्राहियों तथा प्रगतिशील किसानों ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए तथा अनेक विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री एवं बुधनी



विधायक श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा आज से प्रारंभ की गई है। प्रदेश के साथ ही पाँच राज्यों में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निकाली जा रही इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाएगा और शासन की विभिन्न योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा। इस यात्रा के दौरान सतत कृषि, ड्रोन प्रदर्शन, स्वास्थ्य शिविर सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान लाभान्वित हितग्राहियों के अनुभवों को भी साझा कराया जाएगा। कार्यक्रम में सीएम राइज शासकीय मनुबेन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी। शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय की छात्राओं ने सामूहिक नृत्य तथा चारूलता कत्थक कला केन्द्र की छात्राओं ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी। छात्राओं की मनमोहक प्रस्तुति पर दर्शको द्वारा तालियां बजाकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने प्रचार रथों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। सीहोर नगरीय निकाय सहित जिले के सभी विकासखण्डों के लिए कुल 9 रथों हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। सीहोर विकासखण्ड के लिए दो रथो, आष्टा के लिए दो रथो, भैरून्दा के लिए दो रथो, इछावर के लिए एक रथ, बुधनी के लिए एक रथ तथा सीहोर शहरी क्षेत्र के लिए एक रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम स्थल पर अनेक विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान राजस्व विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, स्व सहायता समूह तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित करने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके साथ ही सिकिल सेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण, आष्युमान कार्ड निरामय योजना, आयुष स्वास्थ्य शिविर, स्वनिधि योजना, पीएम पोषण योजना, किसान समृद्धि केन्द्र, प्राकृतिक खेती एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत कृषि यंत्र एवं ड्रोन प्रदर्शन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना 2.0 एवं प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन, जन धन, जीवन ज्योति, आधार सेवा केन्द्र, सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा केन्द्र, मत्स्य क्रेडिट कार्ड, राष्ट्रीय पशुधन योजना, माय भारत पोर्टल रजिस्ट्रेशन के स्टॉल लगाकर हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद रमाकांत भार्गव, इछावर विधायक करण सिंह वर्मा, सुदेश राय, श्री गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री प्रिंस राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय, गुरु प्रसाद शर्मा, श्री सीताराम यादव, कलेक्टर प्रवीण सिंह, जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, सहायक कलेक्टर अर्पित गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीतेश गर्ग सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# मप्र में छाए रहेंगे बादल, बढ़ सकता है रात का तापमान



**भोपाल, देशबन्धु।** राजस्थान पर एक चक्रवात बन गया है। साथ ही हवाओं का रुख दक्षिण-पूर्वी हो गया है। हवाओं के साथ नमी आने के कारण निचले एवं मध्यम स्तर पर बादल छाने लगे हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बादल छाने से दिन के तापमान में गिरावट होगी, लेकिन रात के तापमान में कुछ वृद्धि होने लगेगी।

मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अशफाक हुसैन के मुताबिक, वर्तमान में पाकिस्तान के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में बना हुआ है। इसके प्रभाव से उत्तर-पश्चिमी राजस्थान पर एक चक्रवात बन गया है। इससे हवाओं का रुख कभी दक्षिण-पूर्वी तो कभी उत्तर-पश्चिमी हो रहा है। वहीं हवाओं के साथ नमी भी आने लगी है। इस कारण प्रदेश के अधिकतर शहरों में निचले एवं मध्यम स्तर के बादल छाने लगे हैं। इन बादलों के कारण अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। लेकिन न्यूनतम तापमान में कुछ बढ़ोतरी होने की भी संभावना है। मौसम का इस तरह का मिजाज सोमवार तक बना रह सकता है। इसके बाद पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत से आगे बढ़ने से हवा का रुख फिर उत्तरी होने से एक बार फिर रात के तापमान में गिरावट होने लगेगी। उधर शुक्रवार-शनिवार को प्रदेश के 12 शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से कम रहा। इनमें पूर्वी मध्य प्रदेश के नौ शहर शामिल हैं। सबसे कम 7.2 डिग्री सेल्सियस तापमान उमरिया में दर्ज किया गया, जबकि पर्यटन स्थल पचमढ़ी में पारा 7.4 डिग्री सेल्सियस पर रहा।

## एलएनसीटी में विद्यार्थी विकास गतिविधियों का आयोजन



**भोपाल, देशबन्धु।** एलएनसीटी कालेज में प्रबंधन छात्रों के लिए संचालित एचआर क्लब द्वारा शनिवार को विद्यार्थी विकास गतिविधियों तालमेल एवम रील प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कालेज मैदान में आयोजित टीमवर्क और तालमेल पर आधारित 5 से ज्यादा गतिविधियों में प्रबंधन के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और स्टेपिंग स्टोन्स जैसे अलग अलग खेलों एवम प्रतिस्पर्धाओं में सहभागिता की। आयोजन में एचओडी डिपार्टमेंट ऑफ ह्यूमैनिटीज डॉ दीपिका अग्रवाल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। वहीं एलएनसीटी विश्वविद्यालय के प्रो चांसलर डॉ अनुपम चौकसे ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पदक एवम प्रमाण पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम में कालेज प्रबंधन की और से समूह के ओएसडी डॉ सुनील सिंह, प्रबंधन डायरेक्टर डॉ अरविंद सिंह, आईटी एडमिनिस्ट्रेटर मुकेश नरूला और क्लब संस्थापक डॉ खुशबू गुप्ता सहित समस्त प्रबंधन विभाग उपस्थित थे ।कार्यक्रम का संचालन कृति पटाईत और क्लब मेंटर डॉ अंजली वर्मा ने किया।

### बीसीसीआई महिला टूर्नामेंट

# सौम्या के दोहरे प्रदर्शन से मप्र की तीसरी जीत

## अनुष्का ने शतकीय पारी खेली



**भोपाल, देशबन्धु।** बीसीसीआई महिला 23 टूर्नामेंट में सौम्या तिवारी के शानदार दोहरे प्रदर्शन की मदद से मप्र ने गोवा को 56 रनों से पराजित किया। भोपाल की रहने वाली सौम्या की कप्तानी में मप्र ने इस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी जीत दर्ज की।

वीसीए ग्राउंड सिविल लाइन नागपुर में खेले गए तीसरे मैच में मध्य प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में दो विकेट पर 165 रन का स्कोर खड़ा किया। इसमें कनिष्क ठाकुर 9 रन और आयुशी शुक्ला 7 रन के जल्दी आउट होने के बाद मैदान पर मप्र की कप्तान सौम्या तिवारी ने नाबाद 45 रन की धमाकेदार पारी खेली। उन्होंने अपनी इस पारी में 35 गेंदों का सामना किया और पांच चौके जमाए। इसके अलावा अनुष्का शर्मा ने 100 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 65 गेद खेली। अनुष्का और सौम्या के बीच 136 रन की नाबाद साझेदारी हुई। वहीं जवाब में गोवा की टीम निर्धारित 20 ओवर में 109 रन ही बना सकी। इसमें इबतिशम शेख ने 34, पुरबिया बेडेकर ने द्य9 रन का योगदान दिया। मप्र की ओर से सौम्या ने बल्ले के बाद गेद से कमाल दिखाते हुए 4 ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए। वहीं क्रांति गौड़ व वैष्णवी शर्मा ने दो दो तथा धानी बूचड़े, सच्ची उपाध्याय ने एक एक लिए।

# जनजातीय संस्कृति आधारित हो सीएम राइज विद्यालय का लैंडस्केप: मिश्रा



**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा विभागीय सीएम राइज विद्यालयों के लैंडस्केप प्लानिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला शनिवार को आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 89 विकासखंडों में बनने वाले 95 जनजातीय सीएम राइज विद्यालयों के आर्किटेक्ट शामिल हुए।

कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे अपर मुख्य सचिव एस.एन. मिश्रा ने कहा कि स्थानीय जनजातीय संस्कृति को ध्यान में रखकर सी.एम. राइज विद्यालय की लैंडस्केप प्लानिंग की जानी चाहिए ताकि उसकी राष्ट्रीय स्तर पहचान बना सके। विद्यालय की लैंडस्केपिंग का विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ना चाहिए। वहां की क्षेत्रीय विशेषताओं, कला और भौगोलिक परिवेश आधारित ऐसी लैंडस्केपिंग की जानी चाहिए जिसका रख-रखाव भी आसान हो। जनजातीय कार्य विभाग के अपरआयुक्त डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय का लैंडस्केप डिजाइन यूनीक होने का ध्यान रखना होगा। विद्यालय के परिवेश व वातावरण के साथ उपयोगकर्ताओं की आवश्यकताओं व सुविधाओं को ध्यान में रख डिजाइन करने की जरूरत है। इस अवसर पर जनजातीय सी.एम. राइज विद्यालयों की नोडल अधिकारी व अपर संचालक सीमा सोनी उपस्थित रहीं।

कार्यशाला के पहले सत्र को मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) की चीफ लैंडस्केपिंग आर्किटेक्ट प्रो. सविता राजे ने संबोधित किया। उन्होंने लैंडस्केप डिजाइन के मूल सिद्धांतों, आवश्यकताओं और तकनीकों के बारे में प्रजेंटेशन के साथ गाइडलाइन के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि किसी भी भवन या कैंपस का लैंडस्केप डिजाइन ही उसका फर्स्ट इंप्रेशन होता है इसलिए इसकी प्लानिंग का विशेष ध्यान रखना चाहिए। आकर्षक व सृजनात्मक लैंडस्पेक डिजाइन विद्यार्थियों व शिक्षक की सृजनात्मकता बढ़ाने का कार्य करता है। विद्यालय के पर्यावरण और जैव विविधता को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण हितैषी लैंडस्केप डिजाइन किया जाना चाहिए। कार्यशाला में निर्माण एजेंसी, पीआईयू पुलिस हाउसिंग, बीडीसी, एप्को, मैनिट, एसपीए के प्रतिनिधियों के अलावा विभागीय अधिकारी, इंजीनियर्स और प्राचार्य ने भी प्रतिभागिता की।

## शिक्षकों का प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण संपन्न

जनजातीय कार्य विभाग द्वारा श्यामला हिल्स स्थित क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में आयोजित शिक्षकों का मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण शनिवार को संपन्न हुआ। विभाग की ओर से 25 नवंबर से आयोजित इस प्रशिक्षण में 8 विभिन्न बैच में गणित, भौतिकी, जीव विज्ञान, विज्ञान, रसायन विज्ञान और अंग्रेजी के चयनित शिक्षकों को 4 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीबीएसई की मूल्यांकन पद्धति एवं शिक्षाशास्त्र विषय पर आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 200 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श आवासीय विद्यालय, सी.एम. राइज विद्यालय एवं ज्ञानोदय विद्यालय के 9वीं से 12वीं कक्षा के शिक्षक इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर को प्रयोगशाला गतिविधियों को सुव्यवस्थित कर मजबूत करने के बारे में बताया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों का ऐसा समूह तैयार करना था जो गुणात्मक मूल्यांकन पत्र तैयार कर मूल्यांकन मानदंडों के उत्कृष्ट उदाहरण स्थापित कर सकें। ये मास्टर ट्रेनर अपने विद्यालय में अन्य शिक्षकों को प्रशिक्षित कर मार्गदर्शन करने का कार्य करेंगे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ, 3 रथों को किया रवाना



**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत शनिवार से हो गई है। जिला स्तर पर मुख्य कार्यक्रम कुशाभाऊ ठाकरे समागम हॉल में हुआ, जिसमें विधायक, महापौर, निगम अध्यक्ष, कलेक्टर समेत जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इन्होंने तीन रथों को हरी झंडी भी दिखाई। यह रथ रविवार से गांव-गांव घूमेंगे। वहीं यात्रा जिले की सभी पंचायतों में भ्रमण करेगी।

कार्यक्रम में विधायक भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, कलेक्टर आशीष सिंह, एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी, मनोज राठौर, रविंद्र यती, आरके सिंह, जगदीश यादव, सुषमा बावीसा, छाया ठाकुर समेत पार्षद मौजूद थे। उन्होंने उपस्थित लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी देखा और फिर यात्रा के रथों को रवाना किया गया। बताया गया है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में 17 दिसंबर को भोपाल के फंदा ब्लॉक में ग्राम पंचायत तूमड़ा एवं पाठनिया में, 18 दिसंबर को बरखेड़ा सालम एवं शाम को रसूलिया पठार में, 19 दिसंबर को खजूरी सड़क एवं फंदा कलां टीलाखेड़ी, सांईस्ताखेड़ी और पिपलिया धाकड़ में, 20 दिसंबर को नादनी, सेमरी बाज्यापत, मूंडला, सिकंदराबाद में, 21 दिसंबर को बड़झिरी, भानपुर केकड़िया और आमला में कार्यक्रम होंगे। बैरसिया ब्लॉक में 17 दिसंबर को ग्राम पंचायत गुनगा एवं कलारा में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 18 दिसंबर को पंचायत भवन भैंसोंदा, सोनकच्छ, बरखेड़ा बरामद, सेमरीकलां, रोंडिया, इजगिरी, कुटकीपुरा, उनिदा में, 19 दिसंबर को बर्रीबगराज, कोटरा चौपड़ा, पंचायत भवन जैतपुरा, जूनापानी, गांगापिपलिया, महौली, धर्मरा में, 20 दिसंबर को पंचायत भवन हर्राखेड़ा, ऊंटखेड़ा, पारदी, पीपलखेड़ा, खादमपुर, दिल्लौद, बाज्यात्त, गरेठिया दांगी में, 21 दिसंबर को पंचायत भवन बरोड़ी, अर्रावती, सूरजपुर, उमरिया, सिंधोपड़ा, रमाहा, खाताखेड़ी, कोल्हूखेड़ी में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## नंदीश्वर जिनालय प्रतिष्ठा महोत्सव मना



**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी के नंदीश्वर जिनालय की 13वीं प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर शनिवार विशेष भक्ति मय आयोजन हुआ।

समाज के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया 13 वर्ष पूर्व आचार्य विशुद्ध सागर के सानिध्य भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव हुआ था। जैन समाज के लोगों ने 13वीं प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर शनिवार को प्रात: जिनालय में भगवान नेमिनाथ की प्रतिमा का अभिषेक मंत्र उच्चारित शांति धारा कर अष्ट द्रव्यों से प्रभु की अनंत गुना की वंदना की। वहीं शाम के समय संगीतमय आरती के बाद भक्तिमय भजनों के साथ गरबा नृत्य के माध्यम से चौबीस तीर्थंकर प्रभु की आराधना की। इस अवसर पर समाज की महिलाओं और युवतिओं द्वारा गरबा नृत्य किया गया। पंखिड़ा रे पंखिड़ा उड़ के जाना रे, वीर प्रभु के चरणों में वंदन कर आना, बड़ा प्यारा लागे रे मेरे पारस का दरबार, बड़ा प्यारा लागे रे,केसरिया केसरिया आज हमारो रंग भयों केसरिया आदि भजनों के माध्यम से गरबा नृत्य की विशेष प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में अध्यक्ष एडवोकेट विजय चौधरी प्रमोद चौधरी एडवोकेट डा. सर्वज्ञ जैन, निर्मल जैन मुनीम, शीलचंद लचक्या, राजीव जैन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला महाकुंभ 19 से

**भोपाल, देशबन्धु।** अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन भोपाल का तीन दिवसीय महाकुंभ 19 से 21 दिसंबर तक सांची स्थित यूटोपिया रिजॉर्ट और मगधम ग्रैंड में आयोजित किया जाएगा। 3 दिवसीय इस कार्यक्रम में लगभग समाज की 600 महिलाएं शामिल होंगी।

कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ और राष्ट्रीय सचिव ज्योति राठी करेंगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में क्राइम ब्रांच भोपाल के डीजीपी विपिन माहेश्वरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक संध्या के अंतर्गत, रामायण की आज के युग में उपयोगिता विषय पर नृत्य नाटिका द्वारा संपूर्ण ग्रंथ का मंचन किया जाएगा, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को धर्म ग्रंथों के मर्म से जोड़ना है। इस दौरान जरूरतमंद उधमी महिलाओं को रोजगार देने हेतु कार्यक्रम भी किए जाएंगे। वहीं साहित्य एवम संस्कृति को प्रोत्साहन देने हेतु काव्य कौशल वाद विवाद का आयोजन, कविताओं के जरिए अंताक्षरी का भी कार्यक्रम रखा गया है। इसके साथ ही मांडना कला को पुनर्जीवित और कलाकार बहनों को रोजगार देने हेतु कार्यक्रम स्थल की पूरी सजावट इसी विषय पर की जाएगी और नाटक और भाषण से सामाजिक चिंतनीय विषय पर रोशनी डाल कर समझाया जायेगा। आयोजन का उद्देश्य मेल मिलाप के जरिए आपसी प्रेम और सद्भावना बनाना है। इस मौके पर निर्धन बच्चियों के दहेज के लिए संपूर्ण सामग्री भी एकत्र की जायेगी। कार्यक्रम की व्यवस्था प्रदेश अध्यक्ष रंजना बाहेती, प्रदेश सचिव राजश्री राठी के निगरानी में होगी।


**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बागमुगलिया एक्सटेंशन भोपाल में स्थित दुकान क्रं. 16 (भूतल ब्लॉक ए) मंडल द्वारा श्री घीसीलाल परमार आत्मज श्री रामकिशन परमार के नाम हस्तांतरण आदेश क्रं.3868 दिनांक 20.12.2010 जारी है। एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 26.08.2010 को पंजीकृत है। श्री घीसीलाल परमार आत्मज श्री रामकिशन परमार एवं श्री निर्भय सिंह परमार आत्मज श्री भंवर जी परमार द्वारा, आवेदन पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र, शपथ पत्र, आई.डी.प्रूफ, संयुक्त शपथ पत्र, परिचय पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये दुकान क्रं. 16 (भूतल ब्लॉक ए) बागमुगलिया एक्सटेंशन भोपाल को श्री निर्भय सिंह परमार आत्मज श्री भंवर जी परमार के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटारा हिल्स भोपाल में स्थित भूखंड क्रं. एम.आई.जी. II 219 मंडल द्वारा श्री अजय सैनी आत्मज श्री रामगोपाल सैनी के नाम हस्तांतरण आदेश क्रं. 824-27 दिनांक 05.03.2009 जारी है एवं विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 08.10.2008 को पंजीकृत है। इनके द्वारा श्री सपन पटेल आत्मज श्री श्रीश पटेल के नाम विक्रय पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 02.11.2023 को पंजीकृत कराया गया है। श्री अजय सैनी आत्मज श्री रामगोपाल सैनी एवं श्री सपन पटेल आत्मज श्री श्रीश पटेल द्वारा आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र परिचय-पत्र एवं विक्रय पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त भूखंड श्री सपन पटेल आत्मज श्री श्रीश पटेल के नाम हस्तांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है, जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है। यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**


# देश के सच्चे रक्षक हैं सैनिक: सिद्ध भाऊ



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** शहीद हेमू कलाणी एजुकेशनल सोसायटी द्वारा संचालित मिठी गोबिन्दराम, नवनिध और अन्य स्कूलों एवं संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय और मेडीकल कालेज आफ नैचुरोपैथी में शनिवार को विजय दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सिद्ध भाऊजी ने संदेश में कहा कि देश के सच्चे रक्षक सैनिक हैं। सैनिकों के त्याग, बलिदान और समर्पण भाव के कारण ही हम सब सुरक्षित हैं। हम सभी को सैनिकों के प्रति सदैव आदर और सम्मान की भावना रखनी है।

कार्यक्रम में सोसायटी के सचिव एसी साधवानी ने वीर शहीद सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किए और 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की गौरवशाली विजय का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि यदि उन्हें सेना की किसी भी इकाई में जाना है तो अभी से अच्छी पढ़ाई करनी पड़ेगी, क्योंकि सेना में भर्ती के लिए होने वाली परीक्षाओं में भी बहुत कठिन प्रतिस्पर्धा होती है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को 'भारत के वीर' एप डाउनलोड करके अपने सामर्थ्य अनुसार शहीद सैनिकों की सहायतार्थ अपना योगदान प्रदान करने प्रेरित किया। मिठी गोबिंदराम स्कूल के एनसीसी शिक्षक संत चौराहा ने 1971 के 13 दिवसीय भारत-पाक युद्ध की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और चुनौतीपूर्ण युद्ध में भारत की जीत एवं 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों के आत्मसमर्पण को भारतीय सैन्य जीवन का स्वर्णिम पल बताया। उन्होंने बंगाल की भौगोलिक, राजनीतिक स्थिति से छात्रों को अवगत कराते हुए भारतीय सैनिकों के असीम, शौर्य एवं देश प्रेम को अत्यंत मार्मिक कविता के द्वारा व्यक्त किया।

विद्यार्थियों को भारतीय सैन्य दल की वीरता, शौर्य एवं बांग्लादेश की स्थापना से परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं उपस्थित अन्य लोगों ने 1971 के युद्ध में शहीद हुए भारतीय वीरों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसायटी के उपाध्यक्ष हीरो ज्ञानचंदानी, सचिव एसी साधवानी, संयुक्त सचिव केएल रामनानी, कोषाध्यक्ष भगवान दामानी, वरिष्ठ प्रबंधन सदस्य घनश्याम बूलचंदानी, प्रशासनिक अधिकारी भगवान बाबाणी, मिठी गोबिंदाराम स्कूल के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उप प्राचार्या आशा चंगलानी, नवनिध स्कूल की प्राचार्या अमृता मोटवानी, उप प्राचार्या रेखा केवलानी, संत हिरदाराम कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. डालीमा पारवानी और नेचुरपैथी कालेज के प्राचार्य डॉ. हिमांशु शर्मा आदि उपस्थित थे।


**लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

45 ए, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
फोन (आफिस)0755-2597290/ 2765205
ईमेल info-pamd@mp.gov.in वेबसाइट www.pam.mp.gov.in
NIT No. 2402/MPSAMC/PAM/465/2023 date 13.12.2023

**निविदा आमंत्रण (द्वितीय)**

**राजस्व विभाग की भूमि, ग्राम चाका जिला कटनी, म. प्र.**

लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग म.प्र. शासन अंतर्गत म.प्र. राज्य परिसम्पत्ति प्रबंधन कम्पनी लि. भोपाल (म.प्र.रा.प.प्र. कं.लि.), द्वारा राजस्व विभाग की भूमि, ग्राम चाका जिला कटनी, मध्य प्रदेश स्थित परिसम्पत्ति की बिक्री 'जहां है जिस स्थिति में है' के आधार पर ई-निविदा कम नीलामी की बोली आमंत्रित की जाती है। परियोजना की विस्तृत जानकारी, ज्ञापन एवं संबंधित नियम तथा शर्तें एम.पी. ई-टेंडर पोर्टल www.mptenders.gov.in पर 'Madhya Pradesh State Asset Management Company Ltd.' के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

| स. क्र. | विवरण | राशि/तिथि/विस्तृत |
|---|---|---|
| 1 | भूमिक्षेत्र | 1900 वर्ग मीटर |
| 2 | रिजर्व मूल्य | रु. 0.78 करोड (रुपये अठहत्तर लाख मात्र) |
| 3 | निविदा जारी / बिड डाक्यूमेंट प्रारंभ एवं अंतिम दिनांक | 18 दिसंबर 2023 से 03 जनवरी 2024 वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध |
| 4 | अन्य विवरण / प्रश्न प्राप्त होने की अंतिम तिथि | 29 दिसंबर 2023 समय 11.00 बजे ई-मेल:- info-pamd@mp.gov.in |
| 5 | परिसम्पत्ति पर स्थल भ्रमण के लिए प्री-बिड कॉन्फ्रेंस एवं सहूलियत | 29 दिसंबर 2023 स्थल पर - 12.00 से 14.00 बजे |
| 6 | बिड जमा करने की प्रारंभ तिथि एवं समय | 19 दिसंबर 2023 समय 11.00 बजे |
| 7 | बिड जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03 जनवरी 2024 समय 11.00 बजे |
| 8 | बिड खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी) | 04 जनवरी 2024 समय 11.00 बजे |
| 9 | ई-नीलामी प्रारंभ दिनांक एवं समय | 04 जनवरी 2024 समय 15.30 बजे |
| 10 | ई-नीलामी समाप्ति दिनांक एवं समय | 04 जनवरी 2024 समय 17.30 बजे |
| 11 | बिड खोलने की तिथि एवं समय (वित्तीय) | ई-नीलामी पूर्ण उपरांत |
| 12 | बिड डाक्यूमेंट की कीमत (गेटवे और सर्विस चार्ज छोड़कर) | रु.20,000/- (रुपये बीस हजार मात्र) वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन देय |

भविष्य में कोई शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किया जावेगा। अगर इस बिड के बारे में किसी भी गतिविधि के लिए निर्धारित कार्यक्रम में उल्लेखित किसी भी तारीख को म.प्र. शासन द्वारा अवकाश घोषित किया जाता है, तो वह तिथि आगामी कार्य दिवस में स्थानांतरित हो जावेगी ।

म.प्र.रा.प.प्र.कं.लि. को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

**उपसचिव**
**मध्यप्रदेश शासन**
**लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग, भोपाल**

जी-21762/23

# साहित्य

# दौड़

कहानी

■ डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी

नौगढ़ के टूर्नामेंट की बड़ी तैयारी की गई थी. सारा नगर सुसज्जित था. स्टेशन से लेकर स्कूल तक सड़क के दोनों ओर झंडियाँ लगाईं गई थीं. मोटरें खूब दौड़ रही थीं. टूर्नामेंट में पारितोषिक वितरण के लिए स्वयं कमिश्नर साहब आने वाले थे. इसीलिए शहर के सब अफसर और रईस व्यस्त थे. आज स्कूल के विस्तृत मैदान में दर्शकों की बड़ी भीड़ थी. नगरपालिका के सदस्य, सचिव, अध्यक्ष आदि सभी उपस्थित थे. दर्शकों में सेठों और साहूकारों का भी अभाव न था.

हेडमास्टर साहब तो प्रतिष्ठित लोगों का आदर-सत्कार करने में लगे हुए थे. पर इधर लड़कों में कुछ दूसरा ही जोश फैला हुआ था. यों तो कितने ही स्कूलों से लड़के आए थे, पर होड़ दो ही स्कूलों में थी ङ्क नौगढ़ और विजयगढ़. विजयलक्ष्मी भी इन्हीं दोनों के बीच में झूल रही थी. कभी वह नौगढ़ की ओर झुकती तो कभी विजयगढ़ की ओर. सभी लड़कों के हृदय धड़क रहे थे. सभी उत्सुक थे कि देखें कौन बाजी मार ले जाता है—ऊँट किस करवट बैठता है?

पहले दिन 90 मीटर की दौड़ थी. नौगढ़ के लड़कों ने विजयगढ़ को नीचा दिखा दिया. पर दूसरे दिन विजयगढ़ के लड़कों ने उसकी लाज रख ली. इसी तरह दोनों स्कूलों के नंबर बराबर थे. अब सिर्फ एक दौड़ बच गई थी. विजयमाला उसी के गले में पड़ेगी जो इसमें बढ़ जाएगा. नौगढ़ की ओर से जो लड़का दौड़ने वाला था, उसकी उम्र बीस साल थी. नाम था भुवनमोहन. बड़ा तेज दौड़ने वाला था.

विजयगढ़ की ओर से एक सत्रह वर्ष का लड़का खड़ा हुआ. वह दुबला-पतला था, पर उसके चेहरे पर बड़ी कांति थी, आँखों में तेज था. मास्टर ने उसकी पीठ ठोकी और कहा-'अब तुम्हारा ही भरोसा है.' लेकिन लड़के ने आँख तक ऊपर नहीं उठाई. मास्टर ने कुछ बातें कीं. इस पर उसने जब ध्यान नहीं दिया, तब मास्टर ने उसके एक सहपाठी को बुलाकर कहा : 'देखो, जगदानंद चिढ़ गया है. उसे समझाओ. यदि वह प्रसन्नचित्त होकर दौड़े तो मुझे जीत की पूरी आशा है. नहीं तो हम लोगों की हार है.'

वह विद्यार्थी दौड़ता हुआ जगदानंद के पास गया. उसने जगदानंद से कहा: 'यों सिर पकड़कर बैठ जाने से कैसे होगा ?' जगदानंद ने कहा : 'मेरे पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हो? मोहन से जाकर क्यों नहीं कहते? वह तो मास्टर साहब की नाक का बाल हो रहा है. उसी की पाँचों उंगलियाँ घी में हैं.' उस विद्यार्थी ने कहा : 'भाई, नाक कट जाएगी.' पर जगदानंद चुप रहा. उसने खूब समझाया, पर वह ज्यों का त्यों बना रहा.

इतने में भुवनमोहन उधर निकल पड़ा. उसने जगदानंद को देख कर कहा: 'अच्छा, आप हैं.' फिर उसने अपने साथी की तरफ देखकर व्यंग्य से कहा: 'भाई, अच्छों से बचकर रहना चाहिए.' जगदानंद की आँखें चमक उठीं. उसने अपने सहपाठी मित्र से कहा: 'तुम चिंता मत करो, मैं दौडूंगा.'

दौड़ शुरू हुई. पहले चक्कर में जगदानंद और भुवन साथ-साथ रहे. कोई आगे नहीं बढ़ा. पर दोनों इतनी तेजी से दौड़े कि मानो यह 90 मीटर की दौड़ हो और सब लड़के पीछे रह गए. कोई उनका साथ नहीं दे सका. दूसरे चक्कर में जगदानंद आगे बढ़ा, परंतु भुवनमोहन उसके दो ही कदम पीछे रहा. तीसरा चक्कर अंतिम था. पहले तो जगदानंद पचास कदम आगे बढ़ गया, पर उसकी शक्ति क्षीण होने लगी. आँखों के आगे अँधेरा छाने लगा. भुवनमोहन सरपट दौड़ता हुआ उसके पास पहुँच गया.जगदानंद ने उसके साथ ही साथ दौड़ने की कोशिश की पर उसके पैरों ने जवाब दे दिया. नौगढ़ के लड़के चिल्लाने लगे: ' नौगढ़. नौगढ़.' भुवनमोहन आगे बढ़ गया. 180 मीटर का फासला था.



एकाएक जगदानंद ने अपना सिर उठाया. चार हज़ार आँखें उस पर जमी हुई थीं. वह फिर दौड़ने लगा. पल भर में वह भुवनमोहन के पास पहुँच गया. विजयगढ़ के लड़के चिल्लाने लगे: 'विजयगढ़. विजयगढ़.' जगदानंद आगे बढ़ता ही गया. उसकी आँखें लाल हो रही थीं. उसने कई मीटर से भुवनमोहन को नीचा दिखलाया. लड़कों ने जयध्वनि की और दर्शकों ने करतल ध्वनि. एक ने कहा: 'वाह, लड़का दौड़ा क्या है, उड़ आया है.'

छात्रजीवन कितना सुखद होता है. उस समय हमलोगों की मनोवृत्तियां ही कुछ और होती हैं. जिन लोगों का एकमात्र लक्ष्य उदरपूर्ति या धनसंचय या कीर्तिलिप्सा है, उनमें वह उमंग, वह स्फूर्ति, वह शक्ति कहाँ?

अपने छात्रजीवन में कितने ही लोग विश्वविद्यालयों की परीक्षा में उतीर्ण होकर, सबसे मान और आदर पाते हैं. पर जीवन की कसौटी पर कसे जाने पर उनमें से कितने खरे निकलते हैं? जीवन की दौड़ में जगदानंद से उसके कितने ही साथी आगे बढ़ गए. किसी ने उसकी कुछ भी मदद नहीं की. जीवन निर्वाह की चिंता में जगदानंद को गाँव-गाँव घूमना पड़ा. इधर ऋण का बोझ इतना बढ़ गया कि घर-द्वार तक बिक गया. उसकी मां थी और एक छोटा भाई. उसने अपने साहूकार भोंदूमल को खूब समझाया, खूब अनुनय-विनय की, पर भोंदूमल ने उसकी एक न सुनी. बड़ी मुश्किल से उसे एक दूसरे गाँव में आश्रय मिला.

एक दिन वह दूसरे गाँव से अपने गाँव की ओर लौट रहा था. संध्या हो गई थी. वह घोड़े पर चढ़ा हुआ धीरे-धीरे जा रहा था. रास्ते में एक बड़ा भयानक जंगल पड़ता था. उसमें भेड़ियों का बड़ा डर था. अँधेरा होने के बाद कोई भी उस जंगल को पार करने का साहस नहीं करता था. पर जगदानंद अपनी चिंताओं में डूबा हुआ निर्भय जा रहा था.

कुछ दूर जाने के बाद किसी ने उसको पुकारा: 'ठहरो, ठहरो'. जगदानंद ने घोडा रोक लिया और लौटकर देखा कि एक बुड्ढा जी छोड़कर भागता हुआ चला आ रहा है. जब वह पास आया तन जगदानंद ने पहचाना. वह भोंदूमल था. जगदानंद ने उससे पूछा : 'क्या है?'

वह विद्यार्थी दौड़ता हुआ जगदानंद के पास गया. उसने जगदानंद से कहा: 'यों सिर पकड़कर बैठ जाने से कैसे होगा ?' जगदानंद ने कहा : 'मेरे पीछे हाथ धोकर क्यों पड़े हो? मोहन से जाकर क्यों नहीं कहते? वह तो मास्टर साहब की नाक का बाल हो रहा है. उसी की पाँचों उंगलियाँ घी में हैं.' उस विद्यार्थी ने कहा : 'भाई, नाक कट जाएगी.' पर जगदानंद चुप रहा. उसने खूब समझाया, पर वह ज्यों का त्यों बना रहा. इतने में भुवनमोहन उधर निकल पड़ा. उसने जगदानंद को देख कर कहा: 'अच्छा, आप हैं.' फिर उसने अपने साथी की तरफ देखकर व्यंग्य से कहा: 'भाई, अच्छों से बचकर रहना चाहिए.' जगदानंद की आँखें चमक उठीं. उसने अपने सहपाठी मित्र से कहा: 'तुम चिंता मत करो, मैं दौडूंगा.'

उसने गिड़गिड़ा कहा : 'मेरे प्राण बचाओ. भेड़िये मेरे पीछे पड़े हैं. मुझे घोड़े पर चढ़ाकर ले चलो.'

क्षण भर के लिए जगदानंद के मन में एक बात आई कि मैं घोड़ा दौड़ाकर भाग जाऊं और यह दुष्ट यहीं अपने दुष्कर्मों का फल भोगे. पर हृदय के भीतर से न जाने किसने उसे रोका. जगदानंद ने उसे घोड़े पर चढ़ा लिया और तेज़ी से घोड़ा दौड़ाया. घोड़ा थका हुआ था. वह दो आदमियों को लेकर तेजी से नहीं दौड़ सकता था. सोच-विचार करने का अवसर नहीं था. जगदानंद ने पल भर में अपना कर्तव्य निश्चित कर लिया. भेड़िये बढ़ते ही आ रहे थे. जगदानंद तुरंत घोड़े से उतर पड़ा.

घोड़ा भोंदूलाल को लेकर तेजी से चला गया. पल भर में ही अदृश्य हो गया. भेड़िये जब बिल्कुल समीप आ गए, तब जगदानंद ने दौड़ने का विचार किया. उसे अपनी पहली दौड़ का स्मरण हो आया. वह दौड़ थी बाजी के लिए और यह है प्राणरक्षा के लिए. जगदानंद ने धोती कस ली. उसने हँसकर कहा: 'यह मेरी अंतिम दौड़ है. पर मैं तुमसे दौड़ने में किसी प्रकार का लाभ उठाना नहीं चाहता. देखें कौन आगे बढ़ता है?'

भेड़िये गरजते हुए बिलकुल उसके समीप आ गए. तीन किलोमीटर तक दौड़ बराबर जारी रही. किसी ने जयध्वनि नहीं की, किसी ने ताली नहीं बजाई. केवल मूक प्रकृति यह दृश्य देखती रही. जगदानंद सब कुछ भूल गया. उसके लिए पृथ्वी अदृश्य हो गयी. वह केवल दौड़ता ही चला गया.

दूसरे दिन , रामपुर के एक किसान ने देखा कि उसके घर के सामने जगदानंद का मृत शरीर पड़ा हुआ है. उसके शरीर पर किसी तरह की चोट नहीं है, पर चेहरे पर अभी तक हँसी झलक रही है.

क्या यह विजय की हँसी थी?

## अनवर शऊर

इत्तिफ़ाक़ अपनी जगह
ख़ुश-क़िस्मती अपनी जगह

ख़ुद बनाता है जहाँ में
आदमी अपनी जगह

कह तो सकता हूँ मगर
मजबूर कर सकता नहीं

इख़्तियार अपनी जगह है
बेबसी अपनी जगह

कुछ न कुछ सच्चाई होती
है निहाँ हर बात में

कहने वाले ठीक कहते हैं
सभी अपनी जगह

सिर्फ़ उस के होंट काग़ज़
पर बना देता हूँ मैं

ख़ुद बना लेती है होंटों पर
हँसी अपनी जगह

दोस्त कहता हूँ तुम्हें शाएर
नहीं कहता 'शुऊर'

दोस्ती अपनी जगह है
शाएरी अपनी जगह

समीक्षा

# प्रज्ञान

## बच्चों के लिए संवेदनात्मक रचनाएँ

प्रज्ञान, बाल साहित्यकार डॉ सत्यवान सौरभ जी की इक्यावन बाल कविताओं का सुन्दर संग्रह है। इन कविताओं में जीवन के विविध रंग देखने को मिलते हैं। इनमें प्रकृति का सौन्दर्य है तो समाज की कुरूपता भी है। जहाँ बचपन के आनंद का सजीव चित्रण है वहीं आर्थिक विवशताओं के कारण काम के बोझ तले दबे बच्चों का मर्मस्पर्शी वर्णन है। बचपन जीवन का स्वर्णिम काल होता है लेकिन सभी बच्चों का बचपन एक - सा नहीं होता। कुछ बच्चों का बचपन काल के क्रूर हाथों द्वारा मसल दिया जाता है। इस कसक की झलक इस संग्रह में देखी जा सकती है-

कागज़ पर शिक्षा मिले, वादों में बस प्यार।
बाल दिवस पर बाँटते, भाषण प्यार-दुलार।।
दो रोटी की चाह में, लूटता है संसार।
फुटपाथो पर रेंगते, झोली रहे पसार।।

बालसाहित्य में बच्चों की कोमल भावनाओं का ध्यान रखा जाता है। बच्चे मनोरंजन पसन्द करते हैं, लेकिन कवि चाहता है कि बच्चे जीवन के विषय में भी जानकारी प्राप्त करें। आसपास जो विसंगतियाँ फैली हुई हैं उनसे बच्चों को अवगत कराना भी कवि अपना धर्म समझता है। वह बच्चों की संवेदनशीलता को सम्पूर्ण समाज तक विस्तृत करना चाहता है। 'गूगल की आगोश में' कविता में कवि की यह भावप्रवण संवेदना मर्मस्पर्शी है -

छीन लिए हैं फ़ोन ने, बचपन से सब चाव।
दादी बैठी देखती, पीढ़ी में बदलाव।।
मन बातों को तरसता, समझे घर में कौन ।
दामन थामे फ़ोन का, बैठे हैं सब मौन।।

बच्चे की दुनिया माँ के आसपास घूमती है और माँ की दुनिया तो बच्चे ही होते हैं। माँ स्वयं दु:ख सहकर बच्चे को हर सुख देना चाहती है। 'माँ हरियाली दूब' एक छोटी - सी कविता है लेकिन इस कविता में कवि ने माँ की सारी ममता को गहराई के साथ उकेर दिया है -

'आँचल की छाया' कविता में माँ के त्यागमय स्वरूप के प्रति अपनी निश्छल संवेदना दर्शाता एक बच्चा कहता है -

त्याग और बलिदान का, माँ ही है प्रतिरूप।
आँचल की छाया करे, हर संकट की धूप।।
माँ जैसा संसार में, सौरभ नहीं सुजान।
माँ की वाणी में निहित , गीता का सब ज्ञान।।

कवि का मानना है कि हमें परिवर्तनों को सहज स्वीकार करना चाहिए। बड़े - बुजुर्ग लोग हर समय परिवार के लिए मजबूत स्तम्भ रहे हैं। कवि को उनका जाना पसन्द नहीं है। दादा -दादी के जाने के बाद कवि का जीवन सूना हो गया है, कवि तरह - तरह की कल्पना करता है जिससे कि हर समय उसे उनकी याद आती है। 'दादा-दादी' कविता में कवि की कल्पना की ताजगी द्रष्टव्य है -

दादा-दादी बन गए, केवल अब फरियाद।
खुशियां आँगन की करे, रह-रह उनको याद।।
रो ले, गा ले, हँस ले, दादा-दादी साथ।
ये आँगन से क्या गए, जीवन हुआ अनाथ।।

कवि की संवेदनशीलता का हाल यह है कि वह पुराने हो चुके झाड़ू में भी वृद्ध लोगों की छवि देखता है। कवि का हृदय वृद्धों की उपेक्षा से व्यथित है। 'काम लेकर फेंक देने की प्रवृत्ति', स्वार्थ और संकीर्णता पर आधारित है। वृद्धों का सम्मान करने की सीख देती कविता 'वृद्धों की हर बात का' अद्भुत है -

वृद्धों की हर बात का, रखता कौन खयाल।
आधुनिकता की आड़ में, हर घर है बेहाल।।
होते बड़े बुजुर्ग है, सारस्वत सम्मान।
मिलता इनसे ही हमें, है अनुभव का ज्ञान।।

उक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि प्रज्ञान बाल संग्रह की रचनाओं का प्रमुख स्वर मानवीय संवेदना और करुणा है। शांत नदी की तरह बहती ये कविताएँ पाठक के मन को शीतल भावों की लहरों से भिगो देती हैं।

छन्द में लिखी ये रचनाएँ गीत और कविता का मिलाजुला रूप है। इनमें लय और प्रवाह है जो इन कविताओं को प्रभावशाली बनाता है। भाषा बालमन के अनुरूप सरल, सरस और सहज बोधगम्य है। मुद्रण सुन्दर एवं त्रुटिरहित है। फैलते आकाश के साथ प्रज्ञान के मनमोहक चित्र से सजा आवरण अत्यंत आकर्षक है। बालमन को लुभाने वाले मनोरंजक एवं संवेदनशील कविताओं से सजी पठनीय कृति 'प्रज्ञान' के सृजन के लिए डॉ सत्यवान सौरभ जी को हार्दिक बधाई।

प्रज्ञान - बच्चों के लिए संवेदनात्मक रचनाएँ

■ सुरेश चन्द्र 'सर्वहारा'




पुस्तक : प्रज्ञान
लेखक : डॉ. सत्यवान 'सौरभ'
प्रकाशक : नोशन प्रकाशन समूह, चेन्नई।
मूल्य : 160/-

लघुकथा

## बुलेट ट्रेन

■ घनश्याम अग्रवाल

जैसे ही ट्रेन रवाना होने को हुई, एक औरत और उसका पति एक ट्रंक लिए डिब्बे में घुस पड़े।दरवाजे के पास ही औरत तो बैठ गई पर आदमी चिंतातुर खड़ा था।जानता था कि उसके पास जनरल टिकट है और ये रिज़र्वेशन डिब्बा है। टीसी को टिकट दिखाते उसने हाथ जोड़ दिए।

'ये जनरल टिकट है। अगले स्टेशन पर जनरल डिब्बे में चले जाना।वरना आठ सौ की रसीद बनेगी।' कह टीसी आगे चला गया।

पति-पत्नी दोनों बेटी को पहला बेटा होने पर उसे देखने जा रहे थे।सेठ ने बड़ी मुश्किल से दो दिन की छुट्टी और सात सौ रुपये एडवांस दिए थे। बीबी व लोहे की पेटी के साथ जनरल बोगी में बहुत कोशिश की पर घुस नहीं पाए थे। लाचार हो स्लिपर क्लास में आ गए थे।

'साब, बीबी और सामान के साथ जनरल डिब्बे में चढ़ नहीं सकते। हम यहीं कोने में खड़े रहेंगे। बड़ी मेहरबानी होगी।' टीसी की ओर सौ का नोट बढ़ाते हुए कहा।

'सौ में कुछ नहीं होता। आठ सौ निकालो वरना उतर जाओ।'

'आठ सौ तो गुड्डो की डिलिवरी में भी नहीं लगे साब। नाती को देखने जा रहे हैं।गरीब लोग हैं, जाने दो न साब।' अबकि बार पत्नी ने कहा।

'तो फिर ऐसा करो, चार सौ निकालो।एक की रसीद बना देता हूँ, दोनों बैठे रहो।'

'ये लो साब, रसीद रहने दो।दो सौ रुपये बढ़ाते हुए आदमी बोला।

'नहीं-नहीं रसीद दो बनानी ही पड़ेगी। देश में बुलेट ट्रेन जो आ रही है। एक लाख करोड़ का खर्च है।कहाँ से आयेगा इतना पैसा ? रसीद बना-बनाकर ही तो जमा करना है।ऊपर से आर्डर है।रसीद तो बनेगी ही।

चलो, जल्दी चार सौ निकालो। वरना स्टेशन आ रहा है, उतरकर जनरल बोगी में चले जाओ।' इस बार कुछ डांटते हुए टीसी बोला।

आदमी ने चार सौ रुपए ऐसे दिए मानो अपना कलेजा निकालकर दे रहा हो। टीसी रसीद बनाने लगा। पास ही खड़े दो यात्री बतिया रहे थे। 'ये बुलेट ट्रेन क्या बला है ?'

'बला नहीं जादू है जादू। बिना पासपोर्ट के जापान की सैर।जमीन पर चलने वाला हवाई जहाज है। बिना रिजर्वेशन उसे देख भी लो तो चालान हो जाएगा। एक लाख करोड़ का प्रोजेक्ट है। राजा हरिश्चंद्र को भी ठेका मिले तो बिना एक पैसा खाये खाते में करोड़ों जमा हो जाए।

सुना है, 'अच्छे दिन' इसी ट्रेन में बैठकर आनेवाले हैं।'

उनकी इन बातों पर आसपास के लोग मजा ले रहे थे। मगर वे दोनों पति-पत्नी उदास रुआंसे ऐसे बैठे थे मानो नाती के पैदा होने पर नहीं उसके सोग में जा रहे हो।कैसे एडजस्ट करेंगे ये चार सौ रुपए? क्या वापसी की टिकट के लिए समधी से पैसे मांगना होगा? नहीं-नहीं। आखिर में पति बोला- 'सौ- डेढ़ सौ तो मैं जियादा लाया ही था। गुड्डो के घर पैदल ही चलेंगे।शाम को खाना नहीं खायेंगे। दो सौ तो एडजस्ट हो गए। और हाँ, आते वक्त पैसिंजर से आयेंगे। सौ रूपए बचेंगे। एक दिन जरूर ज्यादा लगेगा।सेठ भी चिल्लायेगा। मगर मुन्ने के लिए सब सह लूंगा।मगर फिर भी ये तो तीन सौ ही हुए।'

'ऐसा करते हैं, नाना-नानी की तरफ से जो हम सौ-सौ देनेवाले थे न, अब दोनों मिलकर सौ देंगे। हम अलग थोड़े ही हैं। हो गए न चार सौ एडजस्ट।' पत्नी के कहा। 'मगर मुन्ने के कम करना....'

और पति की आँख छलक पड़ी।

'मन क्यूँ भारी करते हो जी।गुड्डो जब मुन्ना को लेकर घर आयेंगी; तब दो सौ ज्यादा दे देंगे।' कहते हुए उसकी आँख भी छलक उठी।

फिर आँख पोंछते हुए बोली-'अगर मुझे कहीं मोदीजी मिले तो कहूंगी-' इतने पैसों की बुलेट ट्रेन चलाने के बजाय, इतने पैसों से हर ट्रेन में चार-चार जनरल बोगी लगा दो, जिससे न तो हम जैसों को टिकट होते हुए भी जलील होना पड़े और ना ही हमारे मुन्ने के सौ रुपये कम हो।' उसकी आँख फिर छलके पड़ी।

'अरी पगली, हम गरीब आदमी हैं, हमें मोदीजी को वोट देने का तो अधिकतर है, पर सलाह देने का नहीं। रो मत। देखना, हमारा मुन्ना इतना बड़ा आदमी बनेगा, इतना बड़ा कि एक दिन बुलेट ट्रेन में बैठेगा।'

'हाँ-हाँ क्यों नही बैठेगा? जरूर बैठेगा। सौ रुपये भरकर अभी से टिकट जो बुक करा लिया उसने।' कहकर वह फक-से हँस पड़ी।

ट्रेन तेजी से भागी जा रही थी। वे दोनों अब ऐसे खुश थे मानो 'बुलेट ट्रेन' में सफर कर रहे हों।



# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### कई क्षेत्रों में आज बंद रहेगी बिजली



**सांची,देशबन्धु।** 33 केवी लाइन में मरम्मत कार्य के चलते 17 दिसंबर को बिजली बंद रहेगी। इससे कानाखेडा, स्तूप रोड, मोतियाकुआ, हेडगेवार कालोनी, बसस्टेंड परिसर, गुलगांव चौराहा सहित अन्य क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी।

### 7 परीक्षा केन्द्रों पर आज होगी राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 17 दिसम्बर को जिला मुख्यालय रायसेन पर निर्धारित सात परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है जिसमें जिले के 1823 परीक्षार्थी शामिल होंगे। यह परीक्षा 17 दिसम्बर को दो सत्रों में प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर 02.15 बजे से शाम 04.15 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी। जिला मुख्यालय रायसेन पर बनाए गए परीक्षा केन्द्र क्रमांक 31/1 शास.कन्या शिक्षा परिसर बाईपास रोड रायसेन, केन्द्र क्रमांक 31/2 शास. आदर्श कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल सागर रोड रायसेन, केन्द्र क्रमांक 31/3 शास.उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल रायसेन, केन्द्र क्रमांक 31/4 शास.कन्या महाविद्यालय दशहरा मैदान रायसेन, केन्द्र क्रमांक 31/5 शास.स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय सागर रोड पाटनदेव रायसेन, केन्द्र क्रमांक 31/6 अशा. प्रेसिडेन्सी कॉलेज ब्लॉक-बी दशहरा मैदान रायसेन तथा केन्द्र क्रमांक 31/7 अशा. प्रेसिडेन्सी कॉलेज ब्लॉक-ए केन्द्रीय विद्यालय के पास रायसेन में राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 आयोजित की जाएगी।

**परीक्षा के लिए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी:** मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 दिनांक 17 दिसम्बर को जिला मुख्यालय रायसेन पर निर्धारित सात परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा रही है जिसमें जिले के 1823 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिला मजिस्ट्रेट अरविंद दुबे द्वारा इस परीक्षा के दौरान कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने, परीक्षा की गोपनीयता एवं सफल संचालन की दृष्टि से कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एसडीएम रायसेन मुकेश सिंह की ड्यूटी 17 दिसम्बर को प्रात: 07 बजे से परीक्षा समाप्ति तक लगाई गई है। परीक्षा के दौरान अनुविभागीय मजिस्ट्रेट तथा एसडीएम मुकेश सिंह जिला मुख्यालय पर स्थित सभी परीक्षा केन्द्रों का सतत् निरीक्षण करेंगे। अनुविभागीय मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस अधिकारी साथ रहेंगे जो मजिस्ट्रेट के निर्देश में कार्य करेंगे।

### संगीतमय श्रीराम कथा एवं ज्ञानयज्ञ की कलश यात्रा आज

**छतरपुर, देशबन्धु।** चेतगिरी हनुमान मंदिर में संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। आज रविवार 17 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ कथा शुरू होगी। पंडित ब्रम्हानंद तिवारी महाराज द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। रविवार को दोपहर 2 बजे चेतगिरी हनुमान मंदिर से कलश यात्रा शुरू होगी। जो चेतगिरी कॉलोनी होते हुए खेरे की माता मंदिर, भारत माता मंदिर से चंतगिरी कॉलोनी, सीताराम कॉलोनी होते हुए कथा स्थल पर पहुंचेगी। कथा वाचक पंडित ब्रम्हानंद महाराज द्वारा संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। कॉलोंनी वासियों ने भक्तजनों से निवेदन किया है कि अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा: ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों के लिए निकले प्रचार रथ

**वन परिसर में हुआ कार्यक्रम, जनप्रतिनिधियों ने हरी झण्डी दिखाकर प्रचार रथों को किया रवाना**









**रायसेन, देशबन्धु।** स्थित वन परिसर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा शुभारंभ कार्यक्रम का सांची विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, उदयपुरा विधायक श्री नरेन्द्र पटेल तथा पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर उज्जैन में आयोजित प्रदेश स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाईव प्रसारण भी दिखाया गया।

सांची विधायक डॉ चौधरी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित हो रहा है, लगातार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारत की दुनिया में एक नई पहचान बन रही है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। मध्यप्रदेश में आज मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा उज्जैन से इस यात्रा का प्रदेश स्तरीय शुभारंभ किया गया है। जिले में भी ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। यहां आज यहां आईईसी वैन (प्रचार रथ) को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जा रहा है जो कि जिले के ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में पहुचेंगे और केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का वैन में लगी एलईडी सहित अन्य माध्यमों से प्रचार-प्रसार करेंगे। विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि केन्द्र सरकार की गरीब कल्याण, जनकल्याण की योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों को मिल रहा है। केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाकर नागरिकों के जीवन में बदलाव आ रहा है, उनका आर्थिक विकास हो रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के ग्रामों तथा नगरों में पहुंचने पर जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ ही पात्र नागरिकों को योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किए जाएंगे।

कार्यक्रम में पूर्व केबिनेट मंत्री रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीबों, किसानों, महिलाओं सहित सभी वर्गो के लिए कल्याणकारी और विकासमूलक योजनाएं चलाई हैं और इनका लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाने का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आईईसी वैन प्रचार रथ गॉवों तथा शहरों में पहुचेंगे और केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का जानकारी जन-जन तक पहुंचाएंगे। साथ ही जरूरतमंदों को केन्द्र सरकार की योजनाओं से पात्रतानुसार लाभान्वित करने का काम भी किया जा रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने उपस्थित नागरिकों से कहा कि जिले की सभी 521 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी। यात्रा में आईईसी वैन (प्रचार रथ) सभी ग्राम पंचायतों में पहुचेंगी तथा केन्द्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी और लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मीणा ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गरीबों के आर्थिक उत्थान और विकास के लिए प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान सम्मान निधि, अटल पेंशन योजना, नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण योजना, पीएम स्वनिधि योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन तथा श्री राकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। कलेक्टर अरविंद दुबे ने कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के साथ ही रायसेन जिले में भी आज से विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ हो रही है। इस यात्रा का उद्देश्य शासन की योजनाओं तथा उनका लाभ जन-जन तक पहुंचाना है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में उन पात्र नागरिकों तक पहुंचेगे, जिन्हें अभी तक किन्हीं कारणों से योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है। ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिकों तक पहुंचकर शिविर लगाकर उन्हें केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके साथ ही शासन द्वारा प्रारंभ की गई योजनाओं की जानकारी भी जन-जन तक पहुंचाना है, जिससे कि नागरिकों को योजनाओं की जानकारी हो और वह पात्रतानुसार योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आएं। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम स्थल पर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, उदयपुरा विधायक नरेन्द्र पटेल तथा पूर्व केबीनेट मंत्री रामपाल सिंह द्वारा आईईसी वैन (प्रचार रथ) को हरी झण्डी दिखाकर निर्धारित रूट चार्ट अनुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजन ने खेलों और विभिन्न विधाओं में दिखाई प्रतिभा, जीते पुरस्कार



छतरपुर, देशबन्धु। विश्व विकलांग दिवस के उपलक्ष्य मे शहर के शा. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय कमांक 1 में जिला स्तरीय दिव्यांग बच्चो एवं दिव्यांग व्यक्तियो के लिए खेलकूद स्पर्धा व सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे दिव्यांगजनों को जिला पंचायत उपाध्यक्ष पार्वती राजूपत, जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान प्रभारी अधिकारी राजीव सिंह सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, अरविन्द सिंह उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र, डायरेक्टर सीआरसी केन्द्र सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उत्कृष्ठ विद्यालय में आयोजित हुई खेलकूद एवं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए जिले से 326 दिव्यांगजनों ने अपना पंजीयन कराया। इनमें अस्थि बाधित, दृष्टिबाधित, मानसिक मंदबुद्धि, मूक बधिर शामिल हैं। इसमें 251 दिव्यांगजनों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। दिव्यांगजनों ने विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर 100 मीटर दौड़, गोलाफेंक, रंगोली, चित्रकला, व्हीलचेयर, तबा फेंक सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

### घर से निकला युवक लापता, पुलिस खोज में जुटी

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली के अंतर्गत शहर के सबनीगर मोहल्ला निवासी एक 21 साल का युवक घर से किसी काम से निकला और संदेहास्पद तरीके से लापता हो गया है। पुलिस ने इस मामले की रिपोर्ट पर गुमइंसान का मामला दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सबनीगर मोहल्ला में सरस्वती मार्केट के सामने रहने वाले शेख शहजाद का 21 साल का बेटा शेख सरताज शुक्रवार की शाम किसी काम से घर से बाहर गया और लौटकर नहीं आया। काफी तलाश करने के बावजूद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। परिजन ने शहर में शेखों की बगिया में रहने वाले एक युवक पर उनके बेटे को गायब करने का संदेह जताया है। पुलिस लापता युवक की खोज में लगी है, मगर अभी तक उसका कहीं पता नहीं चला है।

## वार्षिक खेल प्रतियोगिता आयोजित, विजेताओं को दिए पुरस्कार

**गंज बासौदा, देशबन्धु।** माय स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत खो खो, कबड्डी, कैरम, चेस, दौड़,चेयर रेस ,चम्मच,रस्सी खींच आदि खेलों का आयोजन किया गया। ये प्रतियोगिताएं प्राइमरी, मिडिल बालक और बालिकाओं दोनो वर्गो में आयोजित की गई। खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। सभी टीम गेम के विजेता एवम उप विजेताओं को मंच पर बुला कर ट्राफी एवम मेडल दिए गए। साथ ही पुरस्कार दिए गए। वर्ष भर हुई प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, मेंहदी, राखी मेकिंग, दीप सज्जा,ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, भाषण, बाद विवाद के भी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संचालक अखिलेश श्रीवास्तव, प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापक मिथलेश श्रीवास ने बच्चों को पुरस्कृत किया।




## विधि संकाय की टीम ने रोमांचक खेल का प्रदर्शन करके जीता फाइनल खिताब




**छतरपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में 12 दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट के आठवें दिन शनिवार को मैदान पर छात्राओं के क्रिकेट टूर्नामेंट का रोमांच छाया रहा। आज खेले गये फाइनल मैच में विधि संकाय की टीम का मुकाबला पैरामेडिकल संकाय की टीम से हुआ। जिसमें विधि संकाय ने जीत दर्ज करके क्रिकेट चैंपियन का खिताब जीत लिया है।

इसी तरह पुरूष वर्ग का क्रिकेट मैच कृषि संकाय बनाम फार्मेसी संकाय के मध्य हुआ जिसे फार्मेसी संकाय ने 8 विकेट से जीत लिया। पुरूष वर्ग की फाइनल शतरंज प्रतियोगिता बीसीए के छात्र कौशलेन्द्र सिंह एवं एमसीए के छात्र महेन्द्र पटेल के बीच मैच हुआ। जिसमें महेन्द्र पटेल ने जीत हासिल की है। महिला क्रिकेट के फाइनल मुकाबले की मुख्य अतिथि महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय की डॉ गायत्री सहप्राध्यापक अंग्रेजी थीं। विशिष्ट अतिथि वीरेन्द्र तिवारी एडवोकेट और जय तिवारी एडवोकेट थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ रचना चौरसिया नेत्र रोग विशेषज्ञ ने की।

## जो देश के लिए न्योछावर हुए उन्हें शत-शत नमन: गोस्वामी



**मुरैना, देशबन्धु।** विजय दिवस 16 दिसम्बर को 1971 के युद्ध में भारत की पाकिस्तान पर जीत के कारण मनाया जाता है। इस युद्ध के अंत के बाद 93,000 पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था। साल 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को करारी परास्त किया, जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान स्वतंत्र हो गया, जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के हृदय में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ। उक्त रोजगार उद्दार राजेश गोस्वामी प्राचार्य ने भैया बहिनो के समक्ष ढाका विजय दिवस के उपलक्ष्य में व्यक्त किये।

# मांस व अंडे की दुकान हटाने तो गए, लेकिन खुद को ही नियम नहीं मालूम





**मुरैना, देशबन्धु।** प्रदेश के मुखिया ने खुले में मांस की बिक्री को प्रतिबंधित क्या किया, अब प्रशासन सारे काम छोडक़र इसी में लग गया है, जबकि प्रशासन को इसकी पूरी गाइडलाइन का ज्ञान नहीं है। हाल ही में नवनियुक्त मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश भर में खुले में मांस की बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई तथा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि मंदिर मस्जिद के 100 मीटर के दायरे में इनकी बिक्री नहीं की जाएगी। आदेश आते ही प्रशासन पुलिस एवं नगर निगम का अमला सक्रिय हो गया और पूरे दिन सारे काम छोडक़र पूरी मशीनरी इसी कार्य में जुट गई है। शनिवार को नगर निगम आयुक्त दोपहर 12 बजे के पश्चात अपने कार्यालय से निकले तो पुराना बस स्टैंड पर सडक़ किनारे अमरूद बेचने वालों पर उनकी नजर पड़ी, फिर क्या था साहब ने गाड़ी से उतरकर उन गरीब अमरुद बेचने वालों के चालान करवा दिए। आयुक्त साहब को अमरुद बेचने वालों का अतिक्रमण तो दिख गया, लेकिन शहर की कीमती जमीनों पर बेतहाशा अतिक्रमण करने वाले रसूखदार दिखाई नहीं दे रहे हैं। शहर की एमएस रोड हो या किसी भी प्रमुख बाजार का इलाका सभी जगह बड़े-बड़े लोगों ने अतिक्रमण कर पूरे शहर की आबोहवा को खराब कर दिया है।

**नहीं दिए नोटिस, अचानक कर दी कार्रवाई:** मुख्यमंत्री के आदेश पर प्रशासन अलर्ट तो हो गया लेकिन शहर में कितनी दुकान मांस की खुले में संचालित हैं इसकी कोई लिस्ट निगम प्रशासन के पास नहीं थी और ना ही किसी भी मांस विक्रेता को नोटिस देकर दुकान हटाने का समय दिया गया। शनिवार की दोपहर अचानक नगर निगम आयुक्त एसडीएम एवं पूरे अमले को लेकर पुरानी कलेक्ट्रेट के सामने लुहार गली में पहुंच गए यहां पर उन्होंने मांसाहारी भोजन खिलाने वाले होटल संचालकों के लाइसेंस देखकर उन्हें दिशा-निर्देश दे दिए तथा कुछ दुकान जो मस्जिद की जगह पर बनी है, उसमें कुछ दुकान मांस बेचने की थी जो बंद मिली और निगम आयुक्त ने उनके होर्डिंग हटवा दिए इस दौरान मांस एवं अंडा विक्रेताओं ने कुछ सवाल जवाब किया तो निगम आयुक्त एवं एसडीएम सवालों के जवाब नहीं दे पाए।

**आयुक्त, एसडीएम की गाडियों ने लगाया जाम:** शनिवार की दोपहर पुरानी कलेक्ट्रेट के सामने मांस की दुकानों पर कार्रवाई करने गए एसडीएम एवं आयुक्त की गाडियां एमएस रोड पर बीच सडक़ पर खड़ी हुई थी, जिस कारण एमएस रोड पर काफी लंबा जाम लग गया और लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**मंदिर, मस्जिद से हटाए लाउडस्पीकर:** शनिवार को प्रशासन एवं पुलिस की टीम द्वारा मांस बेचने वालों के अलावा मंदिर एवं मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर हटाए गए तथा उन्हें गाइडलाइन के संबंध में जानकारी दी गई। पुलिस एवं प्रशासन की कार्यवाही के दौरान मंदिर मस्जिदों पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। एसडीएम एवं नगर निगम आयुक्त कलेक्ट के सामने मांस एवं अंडे की दुकानों पर कार्रवाई करने पहुंचे यहां पर एक अंडा विक्रय करने वाले युवक ने आयुक्त से पूछा कि साहब अंडे खुले में भेज सकते हैं क्या, इस बात पर आयुक्त महोदय कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए और नगर निगम में आने को बोल दिया।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### सतपुड़ा ठेकेदार संघ की नई कार्यकारिणी गठित



**सारनी, देशबन्धु।** सतपुड़ा ठेकेदार संघ की नई कार्यकारिणी शनिवार को घोषित की गई पुरानी कार्यकारिणी को भंग करने के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। जिसमें सर्वसम्मति से सतपुड़ा ठेकेदार संघ का अध्यक्ष नन्हे चंद्रवंशी को मनोनीत किया गया है जबकि सचिन के पद पर नागेंद्र निगम और कोषाध्यक्ष दिनेश सांवले को बनाया गया है ।उपाध्यक्ष महेश चौहान को नियुक्त किया गया है ।संरक्षण के लिए दीपक तिवारी,नन्हे सिंह और मीडिया प्रभारी का दायित्व विजय पलक को सौपा गया है। नई कार्यकारिणी के गठन के अवसर पर नन्हे सिंह,दीपक तिवारी,नागेंद्र निगम,नारायण सोलंकी,प्रकाश राजपूत,अमनदीप सतनकर,जगदीश आहूजा,दिनेश सबले,विलास लोणारे,महेश चौहान,अजय श्रीवास्तव,मोहम्मद शकील,दिलीप प्रसाद उपस्थित रहे।

### पादुका दर्शन समारोह का आयोजन, बड़ी संख्या में पहुंचे भक्त



**मुलताई, देशबन्धु।** प्रभात पट्टन विकासखंड क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बघोड़ा में शनिवार अनंत श्री विभूषित जगतगुरु रामानंदाचार्य, श्री स्वामी नरेंद्राचार्य जी महाराज के पादुका दर्शन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विधि विधान से पादुका का पूजन अर्चन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी भक्तगण कार्यक्रम में शामिल हुए। सुबह प्रभु स्मरणीय स्वर्णिम बेला में भव्य कलश यात्रा एवं विभिन्न ग्रामों से पधारे भजन मंडल, डिंडियो एवं सुशोभित सुसज्जित अश्व रथ तथा मुख्य जजमान व प्रमुख प्रखंड पंडित द्वारा मंत्र उपचार के साथ प्रभु श्री गुरुदेव चरण पादुका का बघोड़ा के मुख्य मार्गो से भ्रमण के साथ पूजन अर्चन किया गया। जिसका लाइव प्रसारण भी किया गया। जिसके बाद मां भवानी स्टेडियम बघोड़ा में मुख्य जजमान, अतिथियों व कार्यकर्ताओं का स्वागत किया गया। जहा गुरु भाई एवम् गुरु बहन द्वारा उद्बोधन दिया गया। तत्पश्चात गुरु दीक्षा संस्कार कार्यक्रम संपन्न हुआ। विशाल गुरु आशीष अमृत रूपी महाप्रसादी का वितरण भी कार्यक्रम के समापन के अवसर पर किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुलताई क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक चंद्रशेखर देशमुख ने शिरकत की और सुभाषित प्राप्त किया।

### डॉ. सिंह को मिला महात्मा गांधी ग्लोबल अंतराष्ट्रीय शांति सम्मान

**बैतूल, देशबन्धु।** डॉ.कीर्ति सिंह को अन्तर्राष्ट्रीय महात्मा गांधी ग्लोबल शान्ति सम्मान 2023 से सम्मानित किया। यह अवार्ड बैतूल निवासी और वर्तमान में शासकीय गीतांजली कन्या महाविद्यालय में कला के सहायक प्राध्यापक डॉ.कीर्ति सिंह को अपने कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर नैतिक मूल्यों के विकास के लिए उत्कृष्टता ही आदर सत्कार करके समाज का समर्पण और जागरूकता फैलाना सराहनीय कार्य के लिए दिया गया है। बैतूल के ग्रामीण अंचल में परवरिश होने के कारण डॉ.सिंह की कला पर इसका असर स्पष्ट प्रतीत होता है। जिसमें वे अपनी कला के माध्यम से पर्यावरण और पशु-पक्षी संरक्षण का संदेश देते हैं। इनके मार्गदर्शन में कालेज में लगभग 15 सौ छात्राएं कला शिक्षा सीख रहीं हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए देखें इंतजाम, 22 से होगा आयोजन

# ताप्ती मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे सीएमओ





**मुलताई, देशबन्धु।** शनिवार दोपहर नगर के ताप्ती मेले में स्वयं मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार ईवनाती ताप्ती मेले में व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे, जहा मेले में मार्गो पर दुकान लगी देख तत्काल उन्हें बीच से हटाकर व्यवस्थति करने के दिशा निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि ताप्ती मेले में हो रही अव्यवस्था की लगातार शिकायत मिल रही थी। यह ताप्ती मेला जो कि नगर में एक माह से अधिक समय तक चलता है, जिसके लगभग बीस दिन गुजर जाने के बाद भी मेले में आए व्यापारियों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा था। जिसको देखते हुए सीएमओ राजकुमार ईवनाती, नगर पालिका लेखापाल जीआर देशमुख, अर्जुन पिपले और अन्य कर्मचारी मेला स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने सड़क पर लगी दुकानों को हटाने की कार्यवाही करते हुए बड़ी दुकानों के संचालकों को सड़क से अपना सामान हटाने की समझाइश देकर अपनी हद में दुकानें संचालित करने को कहा। उन्होंने सख्त हिदायत दी कि इसके बाद भी व्यापारियों द्वारा व्यवस्था में सुधार नहीं लाया जाता है तो सड़क पर रखा सामान जप्ती करने की कार्यवाही के लिए नगर पालिका के कर्मचारियों को मजबूर होने पड़ेगा।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए देखी जगह:** वही ताप्ती मेले में होने वाले तीन दिवसीय संस्कृति कार्यक्रम के लिए जगह का चयन कर, व्यवस्था बनाने के सीएमओ द्वारा निर्देश दिए गए। मेले में प्रवेश द्वारा के पास ही पार्किंग के लिए दी गई जगह पर ही हर वर्ष की तरह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन 22 दिसंबर से किया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट का स्टे, नपाध्यक्ष पद फिर हुआ शून्य

▶ कुर्सी को लेकर लगातार खींचतान जारी, हो सकते है चुनाव





**मुलताई, देशबन्धु।** नगर पालिका में अध्यक्ष की कुर्सी को लेकर लगातार खींचतान जारी है। पिछले डेढ़ साल में लगभग तीन बार नगर पालिका के अध्यक्ष बदल चुके हैं, एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अध्यक्ष की कुर्सी पर कौन विराजित होगा इसको लेकर संसय के बादल खड़े हो गए हैं। फिलहाल वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अध्यक्ष से हाथ धोना पड़ा है।

अध्यक्ष के मामले में नीतू परमार को सुप्रीम कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है, जिससे अब मुलताई में नपाध्यक्ष के फिर से चुनाव होने की संभावना बन गई है। 5 जनवरी तक के लिए आदेश है। वहीं भाजपा पार्षद वर्षा गढ़ेकर चुनाव के पूर्व फिर से नपाध्यक्ष मनोनित हो सकती है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्षद वंदना साहू द्वारा हाईकोर्ट में एक याचिका लगाई गई थी जिस पर हाईकोर्ट ने स्थगन आदेश दिया था। जिसके तहत मुलताई कोर्ट के निर्णय पर रोक लग गई थी। हाईकोर्ट के इस स्थगन आदेश के इस फैसले के खिलाफ पार्षद वर्षा गढ़ेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंची थी। जहां सुप्रीम कोर्ट ने आगामी आदेश तक हाई कोर्ट के आदेश पर स्टे दे दिया है। कानून के जानकार बताते हैं कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए स्टे के बाद पार्षद वर्षा गढ़ेकर के नपा अध्यक्ष बनने का रास्ता साफ हो गया है। ज्ञात हो कि हाईकोर्ट में नपाध्यक्षनीतू परमार द्वारा लगाई गई याचिका पूर्व में ही खारिज हो चुकी है। अब पार्षद वंदना साहू द्वारा लगाई गई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट से स्टे मिल चुका है ।जिससे एक और जहां नगर में फिर से चुनाव की संभावना बन गई है। वहीं चुनाव तक पार्षद वर्षा गढ़ेकर को नपा अध्यक्ष मनोनित किया जा सकता है।

# बाइक अनियंत्रित होने से सड़क पर गिरकर घायल हुए 2 युवक



**मुलताई, देशबन्धु।** बोरदेही मार्ग पर ग्राम बरई के पास शनिवार दोपहर में राजेगांव से मुलताई जाते समय एक बाइक अचानक से अनियंत्रित हो गई, जिसके चलते बाइक पर सवार दोनों युवक सड़क किनारे झाड़ियां में जा गिरे। बाइक भी झाड़ियों में फिका गई।

बाइक से गिरने के कारण राजेगांव निवासी सुनील पुत्र देवीराम उम्र 33 वर्ष एवं कालिदास पुत्र झींगू उम्र 30 वर्ष घायल हो गए। दोनों के घायल होने की सूचना संतोष माटेकर द्वारा 108 एंबुलेंस को दी गई। काफी देर तक इंतजार करने के बाद, जब एंबुलेंस नहीं पहुंची तो लोगों ने डायल हंड्रेड को सूचना दी। जिसके बाद डायल हंड्रेड के माध्यम से दोनों घायलों को मुलताई के सरकारी अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। डॉक्टर द्वारा बताया गया कि सुनील को घुटने और सर में आंख के पास गंभीर रूप से चोट आई है, वही उसके हाथ में भी चोट है। जबकि कालिदास भी गिरने के चलते घायल हुआ है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, लाईव प्रसारण भी देखा

**बैतूल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य, केन्द्र एवं केन्द्र शासन द्वारा पोषित जनहितकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वंचित हितग्राहियों को उन योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विकसित, संकल्प यात्रा को वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर गंतव्य के लिए रवाना किया। बैतूल के ओपन ऑडिटोरियम परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण भी देखा गया। इस दौरान विधायक हेमंत खंडेलवाल, डॉ.योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस, मुख्य कार्यपालन अधिकारी अक्षत जैन, सहायक कलेक्टर ऐश्वर्य वर्मा और एडीएम जयप्रकाश सैय्याम सहित भारी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी एवं जनगणमान्य उपस्थित थे।





### कथा दुःख ही नहीं दोष भी दूर करती है: पं.नीरज

**हरदा,देशबन्धु।** हमारे जीवन मे दुःख से भी बडी समस्या दोष की है, हम कथा सुनकर दुःख ही नही दोष को भी दूर करें, क्योकि दोष रह गया तो अगले जन्म मे भी कष्ट देगा। प्रभात तो रोज होता है पर जिस प्रभात मे ईश्वर का स्मरण हो जाऐ वह सुप्रभात हो जाता है। हम पेट के लिऐ कम और पेटी के लिऐ ज्यादा पाप कर रहे है। हमारा पेट नही हमारी पेटी पापी है, हमारा भगवान से निवेदन रहे कि प्रभु पाप मन से नहीं मजबूरी में हो गया, तो आप माफ करो प्रभु जी मेरे अवगुण चित्त ना धरो,यदि हमारा भाव वंदन अच्छा है तो भव बंधन से तो पार हो ही जाएंगे। यह बात मांदला मे ढोल्या परिवार द्वारा चल रही भागवत कथा मे द्वितीय दिन मे पं.नीरज महाराज ने कही ।

# आईजी से मिलेगा काली माई व्यापारी संघ

**सारनी, देशबन्धु।** शहर की कानून व्यवस्था दिन प्रतिदिन खराब होते जा रही है। स्थिति यह निर्मित हो गई है कि पुलिस के माध्यम से जो रात्रि गस्त किया जाता था वह बंद कर दी गई है। इस स्थिति को देखते हुए कालीमाई व्यापारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक बैतूल और नर्मदापुरम संभाग के आईजी से मुलाकात कर सारनी क्षेत्र की कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करेगा। काली माई व्यापारी संघ के अध्यक्ष रमेश हरोड़, सचिन प्रकाश शिवहरे ने बताया कि रात्रि गश्ती पाथाखेड़ा पुलिस के माध्यम से बंद कर दिए जाने के कारण व्यापारियों में भय का माहौल है। इसके अलावा आचार संहिता समाप्त होने के बाद नगर पालिका क्षेत्र में असंवैधानिक कार्य तेज गति से संचालित हो रहा है। जिससे व्यापार पर विपरीत असर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति को देखते हुए काली माई व्यापारी संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पहले सारनी एसडीओपी उसके बाद पुलिस अधीक्षक बैतूल से मुलाकात करके कानून व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग करेगा यदि कानून व्यवस्था दुरुस्त और रात्रि ग्रस्त शुरू नहीं होती है तो उसके बाद नर्मदापुरम संभाग के आईजी से काली माई व्यापारी संघ का प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करेगा। काली माई व्यापारी संघ के सचिव प्रकाश शिवहरे ने बताएं कि अब स्केप चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि शोभापुर कॉलोनी के बीचो-बीच वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के सब स्टेशन क्रमांक 2 पर हथियारबंद चोरों के माध्यम से धावा बोलकर कीमती सामानों को लूट कर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। ऐसी स्थिति की वजह से व्यापारियों कर्मचारियों में दहशत का माहौल बना हुआ है। आमला विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे को भी इस विषय में संपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने का कार्य किया गया है।

# घर के पंखे में फंदा लगाकर युवती ने की आत्महत्या

**सारनी, देशबन्धु।** कोयलांचल क्षेत्र पाथाखेड़ा की उपनगरी शोभापुर कॉलोनी के कैलाश नगर में एक युवती ने घर में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

पाथाखेड़ा पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम करके विवेचना शुरू कर दी है। पाथाखेड़ा पुलिस ने बताया कि शुक्रवार शाम 7 बजे के लगभग शोभापुर कॉलोनी में निवास करने वाले नीलेश विश्वकर्मा की 19 वर्षीय पुत्री पीयूसी ने अपने घर के पंखे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मां घर के सामने बैठी हुई थी जैसे ही अंदर जाकर देखा कि उसकी बेटी पंखे से लटकी है। उसने यह सब देख आवाज लगाई तो घर और आसपास के लोगों ने आनंद फनन में फदे को काटकर उसे वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड पाथाखेड़ा के एरिया अस्पताल में उपचार के लिए ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से पाथाखेड़ा पुलिस को इसकी सूचना दी गई। पुलिस के माध्यम से शनिवार को शव का पोस्टमार्टम करवारकर शव परिजनों को सौंप दिया।

# चोरों की सक्रियता ने उड़ाई लोगों की नींद, लोगों में आक्रोश

**हरपालपुर, देशबन्धु।** नगर में इन दिनों चोरों के हौसले बुलंद है। आये दिन नगर से गांव तक तेजी से चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले दिनों हुई चोरियों का पुलिस को अभी तक कोई सुराग नही मिला है। वही हाल में चोर एक गोदाम से एक लाख रुपये कीमत की मटर चुराकर ले गए हैं।

बताया गया है कि चोर किसी वाहन से आये और गोदाम में रखे मटर की 40 बोरी लादकर भाग निकले हैं। ये मटर करीब एक लाख रुपए कीमत की थी। थाने में इस मामले की रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। पुलिस को अभी तक चोरी का कोई सुराग नहीं मिला है। इस घटना को लेकर लोगों में खासी नाराजगी है। खास बात ये है कि हर बार घटना को अंजाम देने के बाद चोर आसानी से निकल भागते हैं। पुलिस इतनी निष्क्रिय बनी है कि चोर बड़ी आसानी से चोरी की वारदात घटित करने के कुछ दिन तक बेख़ौफ़ होकर घूमते हैं और फिर चोरी की दूसरी वारदात को अंजाम देकर आराम से फरार हो जाते हैं। लोगों का कहना है कि थाना पुलिस चोरो के मजबूत नेटवर्क को तोड़ने में सफल नहीं हो पा रही हैं, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। चोरो की सक्रियता से नगरवासियों में दहशत बढ़ रही हैं जो घर खाली छोडने से डर रहे हैं। उनकी रातों की नींद उड़ गई है। हरपालपुर नगर में पिछले महीने से चोरी की वारदातें बढ़ी हैं। नगर में अगल अगल स्थानों पर चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं। पुलिस किसी भी घटना से पर्दा उठाने में कामयब नहीं ही स्की है। घटनाओं के बाद पुलिस के पास खाली लकीर पीटने के अलावा कुछ भी हाथ नहीं लग पा रहा है। लोगों का कहना है कि पिछले माह में आधा दर्जन से अधिक घरों, व्यापारियों के गोदाम में चोरी की घटनाओं सहित बाइक चोरी की वारदातें हो चुकी हैं। लगातार चोरी की वारदातें बढ़ रही हैं। लोगों का कहना है कि पुलिस रात को गश्त की खानापूर्ति कर रही है।

### आये दिन घट रही चोरी वारदातें

पिछले कुछ दिनों में हुई चोरी की वारदातों पर गौर करें तो नगर का ऐसा कोई इलाका नहीं है, जहाँ चोरों ने वारदात को अंजाम न दिया हो। बीते माह थाना क्षेत्र के परेथा गॉव में कल्लू यादव के घर में घुसकर लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले का पुलिस को कोई सुराग नही मिला है। नगर की राजपूत कॉलोनी में बाइक से आये चोरों ने व्यापारी के सुने मकान का ताला तोड़कर 2 लाख से अधिक की नगदी, सोने जेवरों पर हाथ साफ करके फरार हो गए थे। चोरी की ये वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे, उसके बावजूद पुलिस अभी तक चोरों को नहीं पकड़ स्की है। कुछ दिन पहले चोरों द्वारा भीड़भाड़ भरे बाजार से बाइक चुरा ली है।

*जनकल्याणकारी योजनाओं के स्वीकृति पत्र भी हितग्राहियों को वितरित किए*

# सांसद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया



**हरदा, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आए दो प्रचार वाहनों को पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर से क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उईके ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । इससे पूर्व पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभा कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम में हरदा विधायक आर के दोगने, जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, भाजपा जिलाध्यक्ष अमर सिंह मीणा, कलेक्टर ऋषि गर्ग, भारत सरकार के श्रम मंत्रालय की डायरेक्टर और विकसित भारत संकल्प यात्रा की हरदा जिला प्रभारी ऋचा शर्मा, अपर कलेक्टर डॉ नागार्जुन बी. गोडा, कृषि स्थाई समिति के अध्यक्ष ललित पटेल, सांसद प्रतिनिधि राजेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम में वर्चुअली संबोधित किया । कार्यक्रम में हरदा जिले की विकास पुस्तिका और शासन की योजनाओं की जानकारी देने वाली पुस्तिका का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में संबोधित करते हुए क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उईके ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश तेजी से विकास कर रहा है। सभी मिलकर वर्ष 2047 तक भारत देश को विकसित देश बनाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा योजना, स्वनिधि योजना जैसी योजनाओं की मदद से देश के करोड़ों नागरिकों के जीवन में खुशहाली आई है। इन्हीं योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार और इन योजनाओं की जानकारी नागरिकों को देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजित की गई है। यह यात्रा आगामी 26 जनवरी तक जारी रहेगी। इस यात्रा के दौरान गांव गांव में स्वास्थ्य मेले आयोजित होंगे और विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। इससे पूर्व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित सिसोनिया ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। इससे पूर्व अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। कार्यक्रम में स्व सहायता समूह की दो सदस्यों श्रीमती आशा केवट और खतीजा बेगम ने अपनी सफलता की कहानी भी सुनाई। कार्यक्रम में लाड़ली लक्ष्मी योजना के आश्वासन प्रमाण पत्र बालिका कुमारी मेराब खान और अश्मीरा शेख को प्रदान किए गए । इसके अलावा उगता सूरज स्व सहायता समूह को 4.84 लाख रुपए राशि का चेक प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत देवेंद्र चंदेवा को 10 हजार रुपए तथा बसंत यादव को 50 हजार रुपये का स्वीकृति पत्र भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सांसद श्री उईके ने श्री राजेंद्र राजपूत, रचना मालवीय, साधना राठौर, भारती राठौर और सीमा भट्ट को आयुष्मान कार्ड भी वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## सार समाचार

### सड़क दुर्घटना में छात्रों की मौत शोक में डूबे क्षेत्रवासी





**सोहागपुर,देशबन्धु।।** बरेली में एक सड़क दुर्घटना के दौरान नगर में पढ़ने वाले दो छात्रों का दुखद निधन हो गया छात्र ललित पटेल ग्राम मोटलसिर और सचिन पटेल तेलसिर ग्राम के रहने वाले हैं दोनों नगर के नर्मदंचल स्कूल में पढ़ते थे मैथ साइंस के छात्र बहुत होशियार थे उन्हें पढ़ने वाले शिक्षक कीर्ति दुबे ने बताया दोनों का दिमाग पढ़ने में काफी तेज था कुछ दिन बाद ही परीक्षा होने वाली थी दोनों का बरेली में एक रोड दुर्घटना में निधन हो गया है घटना की जानकारी लगने के बाद समूचे क्षेत्र में शोक के लहर दौड़ गई ।

### शासकीय कार्य में बाधा व मारपीट के आरोपियों के मकान का हिस्सा ढहाया

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।।** शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने एवं मारपीट के प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई। नर्मदापुरम कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार राजस्व एवं पुलिस विभाग के अमले द्वारा शनिवार सुबह आरोपी सोनू निमोदा एवं मयंक निमोदा के ग्राम मेहराघाट स्थित मकान के अवैध हिस्से को जेसीबी से ढहाया गया है। एसडीएम नर्मदापुरम आशीष पांडे के नेतृत्व में संपूर्ण कार्रवाई की गई। इस दौरान एसडीओपी इटारसी महेंद्र सिंह चौहान, तहसीलदार शक्ति सिंह तोमर सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग अमला उपस्थित रहा। एसडीएम ने बताया कि आरोपी दोनों भाइयों के मकान में अवैध रूप से बनाए गए चार कंपलेक्स को तोड़ने की कार्रवाई की गई है।

### नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स माप शिविर आज रविवार को

**इटारसी, देशबन्धु।** रोटरी क्लब इटारसी एवं नारायण सेवा संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. एनआर खंडेलवाल की स्मृति में श्रीमती पुष्पादेवी खंडेलवाल के सहयोग से नारायण लिम्ब एवं कैलिपर्स माप शिविर कल रविवार को सुबह 11 बजे से जगदम्बा मैरिज गार्डन न्यास कालोनी में लगाया जाएगा। कार्यक्रम में सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार आरके खंडेलवाल मुख्य अतिथि रहेंगे तथा अध्यक्षता विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा करेंगे। विशेष अतिथि कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. आरके चौधरी रहेंगे।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने अपराधियों को संरक्षण देना बंद करे प्रशासन के लगाए नारे

**नर्मदापुरम,देशबन्धु।** जिले के पलासडोह में मां-बेटे और चाचा पर हुए जानलेवा करने वालों के खिलाफ शनिवार को ग्रामीण एकजुट हुए। पलासडोह के करीब 100 महिला-पुरुष एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने गांव में फैले आरोपियों के आतंक से मुक्ति दिलाने और आरोपियों का गांव से विस्थापन करने की मांग की। कलेक्टर के नाम ज्ञापन तहसीलदार देवराम उइके को सौंप चेतावनी दी कि 24 घंटे में प्रशासन हमारी मांग पूरी करें, वरना हम ग्रामीण खुद कुछ निर्णय लेंगे। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट गेट पर जिला प्रशासन और पुलिस के खिलाफ नारे लगाए। ग्रामीणों ने कहा कि जिला प्रशासन होश में आओ, अपराधियों को संरक्षण देना बंद करों, बंद करों। करीब 15-20 मिनिट बाद तहसीलदार देवराम उइके मौके पर पहुंचे। पलासडोह के ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा गांव में तीरंदाज लोखंडे, करण लोखंडे, जितेंद्र लोखंडे, अन्नू लोखंडे गांव में आएं दिन विवाद करते है। लोगों को रोककर उनसे मारपीट व रुपए की अड़ीबाजी करते। गांव में इन लोगों ने आतंक मचाकर रखा है। जिससे ग्रामीण परेशान है। शुक्रवार शाम को भी तिरंदाज लोखंडे व उसके दोनों भाई, मां लक्ष्मीबाई और बहन ममता लोखंडे ने बाहर से अपराधियों को बुलाकर गांव में मजदूरी करने वाले विकास मेहरा, पूजा मेहरा और गौरव मेहरा पर चाकू, तलवार, डंडे से हमला किया। उनसे बेहरमी से मारपीट कर हत्या करने की कोशिश की। हम पलासडोह के ग्रामीण निवेदन करते है कि लोखंडे परिवार पर कठोर से कठोर कार्रवाई कर हमें उनके आतंक से मुक्त कराएं। इधर देहात थाने के एसआई धर्मेंद्र वर्मा ने बताया वा हमला करने वाले आरोपी तीरंदाज लोखंडे उसके भाई जितेंद्र, करण, मां लक्ष्मीबाई और बहन ममता बाई को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अनिल लोखंडे फरार है। जिसकी तलाश जारी है।

# वेंडरों के झगड़े ने ले ली एक और जान, नाला मोहल्ला में युवक की मौत



**इटारसी, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर होने वाले वेंडरों के विवाद नगर के भीतर अपराध बढ़ा रहे हैं, यह बात कई वर्षों से देखने को मिल रही है। पूर्व में ऐसे मामलों में कई कत्ल हो चुके हैं और बीती रात फिर एक कत्ल हो गया। ताजा मामला नाला मोहल्ला क्षेत्र का है, जहां शुभम उर्फ शिवू आसरे, नईम, टीपू सुल्तान, शेख रहीम उर्फ कोटा ने 26 वर्ष के युवक योगेश मेहरा की धारदार हथियार से हमला कर जान ले ली है। पुलिस ने जितेन्द्र पिता हरिदास मेहरा 36 वर्ष की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात करीब 10:30 से 11 बजे के बीच नाला मोहल्ला में छात्रावास के पास एक युवक नाली में पड़ा मिला था। घटना चिश्तिया आटा चक्की के पास की बतायी जा रही है। किसी ने डायल-100 को सूचना दी और वहां से पुलिस को जानकारी मिली तो टीआई गौरव सिंह बुंदेला बल के साथ पहुंचे। युवक की जांघ में धारदार हथियार के निशान हैं और अधिक रक्त बह जाने से मौत होना माना जा रहा है। दोपहर में टीआई गौरव सिंह बुंदेला ने एसडीओपी महेन्द्र सिंह चौहान के साथ वारदात का मौका मुआयना किया।

रात में पुलिस के पहुंचने के बाद ही युवक योगेश पिता हरिदास मेहरा 26 वर्ष को अस्पताल भेजा गया जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि रक्त अधिक बह जाने से उसकी मौत हुई है। वह करीब एक घंटे घायल अवस्था में नाली में पड़ा रहा था और अधिक ब्लीडिंग हो गयी। पुलिस को सूचना मिली है कि आरोपियों और योगेश का लॉक डाउन के समय से वेंडरी का कोई विवाद चल रहा था, संभवत: यह घटना उसी की परिणिति है। मामले में आरोपियों के घर बुलडोजर चलाने की भी मांग की जा रही है।

बंगलिया के 42 विस्थापित परिवारों से मिले विधायक डॉ शर्मा , कहा-

# डरें नहीं, अवाम नगर से कोई नहीं हटा पाएगा आपको



**इटारसी, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा आज अवाम नगर में उन 42 परिवारों से मिलने पहुंचे जिन्हें बंगलिया वार्ड 06 और 08 से विस्थापित किया गया था।

विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने विस्थापित परिवारों से कहा कि आप चिंता नहीं करना, मैं आपको यहां से कभी हटने नहीं दूंगा। इस कार्यकाल में ऐसी व्यवस्था यहां कर दूंगा कि कभी कोई आपको परेशान नहीं कर पाएगा। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, पार्षद वार्ड 06 जिम्मी कैथवास, सभापति प्रतिनिधि मनीष ठाकुर, पार्षद प्रतिनिधि वार्ड 08 राजकुमार बाबरिया, भाजपा महिला मोर्चा जिला मंत्री ममता मालवीय, भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष शशांक मालवीय सहित अन्य मौजूद थे।

दरअसल, जो परिवार यहां विस्थापित हुए थे, वे पहले बंगलिया वार्ड 06 और 08 में रेलवे की जमीन पर मकान बनाकर रहते थे, रेलवे का प्रोजेक्ट आने के बाद उन्हें वहां से हटना पड़ा था। उल्लेखनीय है कि इन्हें आसपास मौजूद जमीन मालिक परेशान कर रहे थे और मकान तोड़ने की धमकी दे रहे थे। इसके बाद विधायक खुद मौके पर पहुंचे और परिवारों से मिले।

### - वार्ड 06 और 08 में रेलवे की भूमि से किया है विस्थापन

विधायक डा शर्मा ने कहा कि यहां सारी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि जल्दी ही यहां पर वे सारी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे जो कि बंगलिया में रहने के दौरान मौजूद थीं।

अखिल भारतीय हॉकी और इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता 4 जनवरी से

# डीएचए के 2 पदों पर नयी नियुक्तियां, आयोजन समिति अध्यक्ष बनाये गये राहुल चौरे




**इटारसी, देशबन्धु।** इस वर्ष अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता और इंटर डिस्ट्रिक्ट हॉकी प्रतियोगिता एक साथ 4 जनवरी से प्रारंभ होगी और 14 जनवरी को समापन होगा। प्रतियोगिता के लिए देशभर की नामी टीमों से संपर्क करना प्रारंभ कर दिया गया है।

यह जानकारी जिला हॉकी संघ के सचिव कन्हैया गुरयानी ने जिला हॉकी संघ के कार्यालय में हुई एक बैठक में उपस्थिति पदाधिकारियों और सदस्यों को दी। बैठक की अध्यक्षता डीएचए के अध्यक्ष प्रशांत जैन ने की। बैठक में कुछ नये पदाधिकारी भी सर्वसम्मति से मनोनीत किये गये हैं। डॉ. ताविश अरोरा और राहुल चौरे को सर्वसम्मति से जिला हॉकी संघ का उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह से वरिष्ठ खिलाड़ी रविन्द्र जोशी को कार्यकारी अध्यक्ष चुना गया है। राहुल चौरे को सर्वसम्मति से अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता की आयोजन समिति का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है।

### डीएचए ने प्रतियोगिता के लिए देश की हॉकी टीमों से संपर्क करना किया प्रारंभ

बैठक में मार्गदर्शक एससी लाल, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, वरिष्ठ खिलाड़ी और पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह तोमर, जयराज सिंह भानू, अरुण रावर्ट, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी, गिडियन अल्फ्रेड, मो. जाफर सिद्दीकी, मनमोहन सिंह वाही, अल्वर्ट खान, साजिद मलिक, हिमांशु अग्रवाल बाबू, राजेश पंडित, शशांक हैरी, राजू हरदुआ, सौरभ दास, शॉन गिडियन, अमनकीत सिंघ भाटिया, रितेश श्रीवास, मयंक जेम्स, रोहित नागे मौजूद रहे।

# तेजस्विनी हॉस्पिटल के संचालक पति-पत्नी पहुंचे जेल



**सोहागपुर, देशबन्धु ।** पुलिस थाना सोहागपुर द्वारा एक 2022 के पुराने मामले में कार्रवाई करते हुए फरार कथित डॉक्टर पति पत्नी को गिरफ्तार करने के बाद जेल भेजा गया है पुलिस ने बताया कि पुराने मामले में नीरज गुप्ता एवं आरती गुप्ता उसकी पत्नी पर मध्य प्रदेश उपचार ग्रह अधिनियम तथा धारा 24 मध्य प्रदेश राज्य आयुरविज्ञान परिषद एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था वही धारा 468 467 466 471 के तहत भी मामला दर्ज था दोनों को न्यायालय में पेश किया गया यहां से पुलिस ने दोनों पति-पत्नी को जेल भेज दिया है।

### इनका कहना है

2022 के पूर्व का मामला है पुराने मामले में हमने कार्रवाई की है आरोपियों पर मध्य प्रदेश उपचार ग्रह अधिनियम धारा 24 मध्य प्रदेश राज्य आयुरविज्ञान परिषद एक्ट एवं विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज था आरोपी नीरजा गुप्ता वा उनकी पत्नी आरती गुप्ता को गिरिफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से न्यायालय ने उन्हें जेल भेज दिया गया है ।

**चंद्रकांत पटेल**
**थाना प्रभारी सोहागपुर**

### यह था मामला.....

शोभापुर में संचालित तेजस्विनी हॉस्पिटल अपने शुरुवाती दिनों से ही विवादों के कारण चर्चा में रहा है । कोरोना कॉल के दौरान मकान मालिक से विवाद जहां सुर्खियों में रहा तो वहीं मरीजों के साथ लापरवाही को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा निरीक्षण करने के उपरांत पाई गई अनियमितताओं पर सुधार के अवसर देने के बाद भी संचालक नीरज गुप्ता द्वारा हॉस्पिटल संचालित किया जा रहा था। जिस पर शिकायत होने के बाद तत्कालीन एसडीएम अखिल राठौर वा तत्कालीन बीएमओ रेखा सिंह गौर ने मौके पर तेजस्विनी हॉस्पिटल खुला पाया वा एक मरीज भर्ती भी था । मिली जानकारी के अनुसार उस समय एचआईवी पॉजिटिव मरीज बिना ऑफिसियल जानकारी पर भर्ती मिले होने और आयुष्मान के योजना के लाभ दिलाने वाले दस्तावेजों सहित मेडिकल स्टोर के दस्तावेजों में गड़बड़ी की आशंका के चलते एसडीएम अखिल राठौर वा रेखा गौर ने मेडिकल स्टोर से दवाओं को जप्त किया था । उसके बाद सीएमएचओ नर्मदापुरम द्वारा हॉस्पिटल को सील किया गया था । जिस पर नाटकीय घटनाक्रम भी सुना गया था । सील हॉस्पिटल को खुलवाने के लिए संचालक नीरज गुप्ता द्वारा मौके पर तमाम दलीलें तत्कालीन सीएमएचओ को दी गई थीं । लेकिन अंतोगत्वा हॉस्पिटल को सील करते हुए डॉक्टर नीरज गुप्ता वा आरती गुप्ता के खिलाफ 420 , 468, 467, 466, 471 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था । तकरीबन डेढ़ साल पहले हुई एफआईआर के बाद चौकी प्रभारी मेघा उदेनिया ने घेरा बंदी कर संचालक नीरज गुप्ता को अरेस्ट कर थाना सोहागपुर लाया गया । जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया । तत्कालीन बीएमओ रेखा सिंह गौर ने बताया कि उस समय अनियमितता पाए जाने के बाद सीएमएचओ द्वारा सात दिन तक हॉस्पिटल बंद रखते हुए सुधार के लिए समय दिया गया था लेकिन उन्होंने आदेशों को अनदेखा करते हुए हॉस्पिटल खोले रखे जो कि मौके पर एक मरीज भी मिला था । तब जाकर दस्ताबेजो में गड़बड़ी को देखते हुए मामला पंजीबद्ध किया गया था ।

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

# महिला कांग्रेस मुद्दों पर संघर्ष करेगी : विभा

**बनखेड़ी/नर्मदापुरम।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबध में महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती विभा पटेल की उपस्तिथि में शनिवार को आरसीसी मॉल नर्मदापुरम में जिला महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई।

उक्त बैठक में महिला कांग्रेस संगठन मध्यप्रदेश में विपक्ष की मजबूती के लिए कार्य करेगी। मध्यप्रदेश में भाजपा शासन द्वारा जनविरोधी नीतिया लागू करने पर विपक्ष दबाव बनाएगा। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर रणनीति बनाई गई है। नए मुख्यमंत्री ने कुर्सी पर बैठते ही महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार कम करने के बजाए अंडे की दुकानें न लगाए जाने और मन्दिर मस्जिद में लगे ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर आपत्ति जताई और आवाज कम करने के आदेश दिए। भाजपा मंदिर मस्जिद की राजनीति को बढ़ावा देती है। बेरोजगारी से पहले ही जनता तंग हैं, आगामी समय में महिला कांग्रेस आम जनता और महिलाओं के हक अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरेगी जैसी बिंदुओं पर चर्चा कर निर्णय लिए गए। इसके साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में नर्मदापुरम महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष श्रीमती संध्या शाह सहित महिला कांग्रेस की जिला पदाधिकारी मीना वर्मा, माधवी मिश्रा, सीमा भदौरिया, सीमा श्रीवास, भगवती जायसवाल, रश्मि दीक्षित, संयोगिता पांडे, राशि दीक्षित, राशिका डेरिया, कुमकुम डेरिया सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।



# राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा की प्रारंभिक परीक्षा आज से

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2023 का आयोजन 17 दिसम्बर को जिला मुख्यालय के 11 परीक्षा केन्द्रों पर किया जाएगा। यह परीक्षाए दो पारियों में प्रथम सत्र प्रातः 10 बजे से 12 बजे एवं द्वितीय सत्र दोपहर 2.15 बजे से 4.15 बजे तक होंगी। परीक्षा केन्द्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाए सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने केन्द्राध्यक्षों की ड्यूटी लगाई है। परीक्षा केन्द्रों में छात्र-छात्रा अपने साथ किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नही ले जा सकेंगे। जूते-मोजे पहनकर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी चप्पल व सेण्डल पहनकर परीक्षा केन्द्र पहुंचे। चेहरे को ढंक कर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा। परीक्षार्थी अपने कपड़ों, कफलींक, धूप का चश्मा, जूते-मोजे, हाथ के बैंड, हाथ में बंधे बंधन, परीक्षा में पेंसिल, रबर व व्हाईटनर, बालो को बांधने का क्लेचर, बकल, घड़ी, हाथ में पहने जाने वाले मैटेलिक तथा चमड़े के बैंड, कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे, पर्स तथा वॉलेट, टोपी, तावीज वर्जित रहेंगे। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा जिला मुख्यालय पर टैगोर मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल नारायण नगर, केंपियन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल श्रीरामपुरम माखननगर रोड नर्मदापुरम, इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल इटारसी रोड नर्मदापुरम, शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय बीटीआई रोड नर्मदापुरम, सेमीरिटर्न इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल सांदीपनि परिसर चक्कर रोड नर्मदापुरम, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय तकनीकी शिक्षा परिसर आईटीआई रोड नर्मदापुरम, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुमेरती काली मंदिर के पास मंगलवारा घाट नर्मदापुरम, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एसपी एम हरदा रोड गेट नंबर 1 नर्मदापुरम, शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल इतवारा बाजार नर्मदापुरम, शासकीय एसएनजी हायर सेकेंडरी स्कूल बस स्टैंड के पास नर्मदापुरम, शासकीय बहुउद्देशीय उत्कृष्ट विद्यालय मंगलवारा नर्मदापुरम है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए नर्मदापुरम संभाग के लिए सेवानिवृत्त आईएएस शिवनारायण रूपला मोबाईल नंबर 9425147740 को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। संभागीय प्रेक्षक के सहयोग के लिए विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

### एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का समापन, नुक्कड़ नाटक से दिया संदेश

**इटारसी, देशबन्धु।** शनिवार, 16 दिसंबर को एड्स नियंत्रण पखवाड़ा के अंतर्गत इटारसी शहर में 1 से 15 दिसंबर तक प्रतिदिन विभिन्न संस्थाओं, सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों तथा प्रमुख चौराहों पर समुदाय को एड्स से जन जागरुकता हेतु नुक्कड़ नाटक, सभाएं एवं रेड रिबन कार्यक्रम आयोजित किए। इटारसी आईसीटीसी प्रभारी गणेश उपरारिया ने बताया कि इसी क्रम में शनिवार को एएनएम ट्रेनिंग सेंटर इटारसी में अधीक्षक डॉ आरके चौधरी की अध्यक्षता में समापन कार्यशाला हुई। कार्यशाला में टीआई एनजीओ ग्रुप से नाटक मंडली द्वारा बहुत सुंदर तरीके से एचआईवी फैलने के 4 कारणों जैसे संक्रमित सुई का प्रयोग, ब्लड लगवाने के पहले जांच आदि का प्रदर्शन किया। कार्यशाला को डॉ अर्पित त्रिवेदी, डॉ प्रियांक मिश्रा, समाजसेवी संजय मिहानी, एनजीओ से मोहित भलावी, सुपरवाइजर सुनील साहू एवं पूजा पंजाबी ने संबोधित किया। आईसीटीसी प्रभारी गणेश उपरारिया एवं एलटी प्रशांत मेहरा द्वारा कार्यशाला में उपस्थितों को एड्स से संबंधित टोपी भेंटकर रेड रिबन लगाए। आईसीटीसी ने एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं से एड्स से संबंधित प्रश्नोत्तरी कर उनका ज्ञान कौशल बढ़ाया। अधीक्षक डॉ आरके चौधरी ने बताया कि भारत सरकार की गाइड लाइन अनुसार प्रत्येक गर्भवती महिलाओं की 90 दिन के अंदर एचआईवी जांच की जाना अनिवार्य है जिसके लिए संबंधित वार्ड की आशा कार्यकर्ता एवं एएनएम एमसीपी कार्ड बनाकर आईसीटीसी केंद्र तक लेकर आएंगी। इस दौरान कुष्ठ शाखा से एसएन यादव, वैभव दुबे जिला समन्वयक, आईसीटीसी स्टॉफ,डाटा एंट्री ऑपरेटर, एलएचवी, एएनएम और आशा कार्यकर्ताएं उपस्थित रही।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ, के 427 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी संकल्प यात्रा




**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाने और आमजनों को योजनाओं से अवगत कराने के लिए जिले में 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिले की 427 ग्राम पंचायतों में संकल्प यात्रा पहुंचेगी। शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित नर्मदा महाविद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह, कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत, माधवदास अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, नगर पालिका उपाध्यक्ष अभय वर्मा, महेंद्र यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं बढ़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में सीधे प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन को देखा और सुना गया। विधायक डॉ शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि संकल्प यात्रा के तहत 26 जनवरी तक प्रतिदिन दो पंचायतों को कवर करते हुए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्र में 10 हजार की आबादी पर प्रतिदिन कार्यक्रम होंगे। विधायक विजयपाल सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को विकसित बनाने के साथ ही विश्व में एक नई पहचान भी दिलाई हैं। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्का आवास हो, मातृशक्ति का सम्मान, किसानों का कल्याण हो या शिक्षा का विकास हर क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुआ हैं। केंद्र सरकार की प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा हैं। विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का यह अभियान निरंतर जारी हैं और आगे भी जारी रहेगा।विधायक डॉ शर्मा एवं विधायक विजयपाल सिंह सहित अन्य अतिथियों द्वारा उपलब्ध प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम का संचालन आरती शर्मा द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने विजय दिवस के शहीदों को किया नमन

# हमें हमारी सेना पर गर्व है : मुख्यमंत्री



- शौर्य स्मारक स्थित शौर्य स्तंभ पर किया पुष्प-चक्र अर्पित
- भारत माता की प्रतिमा पर की पुष्पांजलि अर्पित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजय दिवस के अवसर पर भोपाल के शौर्य स्मारक स्थित शौर्य स्तंभ पर लास्ट पोस्ट धुन के बीच पुष्प-चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया एवं उनके शौर्य, अदम्य साहस और बलिदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजय दिवस के अवसर पर भोपाल के शौर्य स्मारक स्थित शौर्य स्तंभ पर लास्ट पोस्ट धुन के साथ पुष्प-चक्र अर्पित कर अमर शहीदों को नमन किया एवं उनके शौर्य, अदम्य साहस और बलिदान का स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य स्मारक स्थित भारत माता की प्रतिमा पर भी पुष्पांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शौर्य स्मारक पर मीडिया के प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि आज का दिन भारत वर्ष के लिए गौरव का दिन है। आज भारत ने पाकिस्तान पर विजय प्राप्त की थी और उसे पश्चिमी व पूर्वी पाकिस्तान के रूप में दो भागों में बांटा था, यह हमारे सैनिकों के पराक्रम की पराकाष्ठा थी। सेना के तीनों अंगों, वायु सेना-थल सेना व जल सेना ने भारत सरकार के निर्णय का द्रुत गति से पालन करते हुए पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों को बंदी बनाकर उनकी योजना को असफल किया था। देश को यह गौरवशाली क्षण देने वाले सभी बलिदानी अमर शहीदों का स्मरण करते हुए उनके शौर्य और पराक्रम को नमन है। हमें हमारी सेना पर गर्व है। इस अवसर पर पूर्व वन मंत्री कुंवर विजय शाह उपस्थित थे।

प्रधानमंत्री ने मप्र सहित 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का वर्चुअली शुभारंभ किया, कहा-

# हर झुग्गी-झोपड़ी तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाना है



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित देश होगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा का यही उद्देश्य है। हम सभी अच्छा करें और देश को अच्छा बनाये। संकल्प यात्रा के माध्यम से हर झुग्गी-झोपड़ी तक शासन की सभी योजनाओं का लाभ पहुँचे, सब मिलकर ऐसे प्रयास करें। संकल्प यात्रा में जाने वाली मोदी की गारंटी वाली गाड़ी, जनता को हर योजना का लाभ देगी।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज मध्यप्रदेश सहित देश के 5 राज्यों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हरी झण्डी दिखाकर वर्चुअली शुभारंभ किया। उज्जैन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विशेष रूप से उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों से वर्चुअली संवाद भी किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि जहाँ दूसरों की उम्मीद खत्म होती है, वहाँ मोदी की गारंटी शुरू होती है। सरकार न केवल हर व्यक्ति को भोजन, स्वास्थ्य, आवास आदि की गारंटी दे रही है, अपितु सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान कर रही है। गाँवों के विकास के साथ ही शहरों का भी तेज गति से विकास किया जा रहा है। पहले केवल बड़े शहरों का विकास होता था, अब भारत के टू-टियर और थ्री-टियर शहरों का भी विकास हो रहा है। भारत में 6 करोड़ छोटे शहर हैं। अमृत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से इनका भी समग्र विकास किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की पेंशन और सुरक्षा योजनाओं से जुड़ें। अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ लें। इन योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के खाते में 17 हजार करोड़ रूपये पहुँच चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना में अभी तक हितग्राहियों को एक लाख करोड़ रूपये का निःशुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा चुका है। जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से 80 प्रतिशत कम कीमत पर दवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि सरकार गाँव से शहरों में काम के लिये आये व्यक्तियों का पूरा ध्यान रखती है। वन नेशन-वन राशन कार्ड योजना के माध्यम से कहीं भी राशन प्राप्त किया जा सकता है। इन योजनाओं का लाभ लें।

पन्ना में प्रचार वैन को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

# गरीब कल्याण की योजनाओं से जीवन स्तर में आया बदलाव : शर्मा



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गरीब व्यक्तियों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित की गई हैं। केन्द्र व राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ मिलने से गरीब व वंचित परिवार के लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आया है अब शेष वंचित परिवार और हितग्राहियों तक विभिन्न सरकारी योजनाओं व सुविधाओं का लाभ आसानी से पहुंच सके, इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की गई है।

यह बात सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शनिवार को पन्ना में विकसित भारत संकल्प यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए प्रचार वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। श्री शर्मा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रत्येक ग्राम पंचायत में शिविर के माध्यम से नागरिकों के आवेदन प्राप्त कर निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा। प्रत्येक दिवस दो-दो ग्राम पंचायतों में यात्रा पहुंचेगी। सांसद ने अधिकारी कर्मचारियों सहित जनप्रतिनिधियों से भी गांव-गांव और घर-घर तक यात्रा के बारे में लोगों को जागरूक और सूचित करने तथा अब तक योजनाओं के लाभ से वंचित हितग्राहियों को आवश्यक प्रयास कर लाभांवित करने का आग्रह किया। विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी तक पहुंचाना यात्रा का उद्देश्य है। उन्होंने शिविर के अलावा प्रत्येक परिवार तक सर्वे के माध्यम से योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने तथा कर्मचारियों की जवाबदेही तय करने की बात कही। कटनी जिले के विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने वंचित लोगों तक सेवाभाव के साथ जनहितैषी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का आग्रह किया। गुनौर विधायक राजेश वर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ग तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे, इसके लिए आमजनों तक यात्रा व अभियान के बारे में मुनादी तथा अन्य माध्यमों से सूचना दी जाए। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभावान बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित करने के लिए भी कहा। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं यात्रा के नोडल अधिकारी संघ प्रिय ने कार्यक्रम में जिले की सभी 386 ग्राम पंचायतों तक यात्रा के आगमन संबंधी तैयारियों और नागरिकों को मिलने वाले लाभ तथा अन्य गतिविधियों के बारे में अवगत कराया।

कार्यक्रम स्थल पर उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के संबोधन को देखा और सुना। शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक पवई प्रह्लाद लोधी, राजनगर अरविन्द पटेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव एनबीएस राजपूत, कलेक्टर हरजिंदर सिंह सहित रामबिहारी चौरसिया, सतानंद गौतम, रामऔतार पाठक, बृजेन्द्र गर्ग तथा बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं के हितग्राही व आम नागरिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश

## ग्वालियर में युवकों पर कार्रवाई से जुड़े प्रकरण में जांच होगी

**भोपाल, देशबन्धु।** हाल ही में ग्वालियर में विश्वविद्यालय कुलपति को अटैक आने पर उन्हें अस्पताल में एडमिट कराकर उनकी जीवन रक्षा का प्रयास करने वाले विद्यार्थी परिषद के दो युवकों पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई और संपूर्ण घटना की जांच होगी।

इस प्रकरण में युवकों द्वारा अनधिकृत रूप से वाहन के उपयोग और युवकों पर की गई कार्यवाही के संबंध में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जांच के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि युवकों पर डकैती की धारा लगाना न्यायोचित नहीं लगता क्योंकि युवक आपराधिक पृष्ठभूमि के नहीं हैं। युवकों द्वारा मानवीय दृष्टि से तो सही कार्य किया गया लेकिन यह सही है कि युवकों का तरीका गलत था। यह मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा मामला है।

विधानसभा का सत्र कल से, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य

# आगंतुकों को कड़ी जांच के बाद ही मिलेगा प्रवेश



**भोपाल, देशबन्धु।** संसद में हुई घटना के बाद से मध्य प्रदेश विधानसभा सचिवालय अलर्ट है। 18 दिसंबर से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं. परिसर में सीमित संख्या में ही लोगों को प्रवेश दिया जाएगा, साथ ही आगंतुकों को कड़ी सुरक्षा जांच से गुजरना होगा. विधानसभा सचिवालय ने फैसला किया है कि विधायक की अनुशंसा पर सिर्फ एक व्यक्ति को ही परिसर में प्रवेश मिलेगा।

विधानसभा प्रमुख सचिव एपी सिंह ने समीक्षा बैठक की। उन्होंने इस बारे में जरूरी निर्देश भी दिए। विधानसभा सचिवालय ने तय किया है कि विधायक की अनुशंसा पर सिर्फ एक ही व्यक्ति को विधानसभा परिसर में प्रवेश दिया जाएगा.

विधानसभा सचिव एपी सिंह के अनुसार विधानसभा सचिवालय से आगंतुकों के प्रवेश पत्र बनाए जाएंगे. आगंतुकों को अपने साथ अपना पहचान पत्र भी लाना अनिवार्य होगा. इसमें आधार कार्ड, वोटर कार्ड या फिर अन्य पहचान पत्र हो सकते हैं. प्रवेश पत्र के साथ परिचय पत्र भी दिखाना अनिवार्य होगा।

सुरक्षा चूक के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने सांसदों को लिखा खत

# उच्च स्तरीय कमेटी कर रही जांच, राजनीति न करें

## गरिमा बनाए रखने के लिए किया सांसदों को किया निलंबित



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद की सुरक्षा में सेंध को लेकर विपक्षी हमलों के बीच लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सांसदों को पत्र लिखा है. पत्र में उन्होंने सांसदों से संसद में हुई घटना पर राजनीति न करने का आग्रह किया। साथ ही स्पीकर ने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। पत्र में लोकसभा अध्यक्ष ने पूर्व में हुई घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा, 'दुर्भाग्यपूर्ण है कि सांसदों के निलंबन की घटना को इस घटना से जोड़कर देखा जा रहा है, जबकि इससे पहले भी तमाम घटनाएं हो चुकी हैं जिसका देश साक्षी रहा है।'

### छठे आरोपी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

**नई दिल्ली।** दिलली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में छठे आरोपी महेश कुमावत को शनिवार को एक सप्ताह की पुलिस हिरासत में भेज दिया। इससे पहले शुक्रवार को मामले के कथित मास्टरमाइंड ललित झा को भी सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया था। उसी अदालत ने गुरुवार को चार आरोपियों सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम आज़ाद और अमोल शिंदे को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। इन चारों को बुधवार को लोक सभा के अंदर और संसद भवन परिसर के बाहर से गिरफ्तार किया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट की विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर के समक्ष सरकारी वकील ने कहा कि कुमावत मोबाइल फोन को नष्ट करने में शामिल था और देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे था। अदालत ने इस बात पर गौर किया कि कुमावत पिछले दो वर्षों से साजिश में शामिल था और सरकारी वकील की दलील को स्वीकार कर लिया कि पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए उसकी हिरासत की आवश्यकता है।

### सामूहिक चिंता व्यक्त की है

उन्होंने कहा 'ऐसी घटनाओं पर क्या फैसला लेना है यह लोकसभा स्पीकर का विशेषाधिकार है। मुझे सदन की गरिमा बनाए रखने के लिए सांसदों को निलंबित करने का कठोर निर्णय लेना पड़ा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो।' लोकसभा अध्यक्ष ने पत्र में कहा, 13 दिसंबर को सदन के अंदर जो दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई, वह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। हमने सदन में इस घटना पर सामूहिक चिंता व्यक्त की। उसी दिन मैंने सभी दलों के नेताओं से चर्चा की कि हम संसद में सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे मजबूत कर सकते हैं. बैठक के दौरान दिए गए कुछ महत्वपूर्ण सुझावों को तुरंत लागू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सदन के अंदर हुई घटना की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय जांच समिति का गठन किया गया है। कमेटी ने काम शुरू कर दिया है। इस कमेटी की रिपोर्ट जल्द ही सदन के साथ साझा की जाएगी।

# रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में निकलने लगा धुएं का गुब्बार, यात्रियों में हड़कंप



**पटना, एजेंसी।** बिहार के बेतिया में रक्सौल से दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस में उस समय अफरातफरी मच गयी जब ट्रेन के एक कोच से धुएं का गुब्बार निकलने लगा। मझौलिया स्टेशन के पास गुरचुरवा रेलवे गुमटी के पास शनिवार सुबह सत्याग्रह एक्सप्रेस में यह हादसा हुआ। इस हादसे के बाद यात्रियों में हड़कप का माहौल बन गया है।

जिसके बाद कुछ लोग चलती ट्रेन से बाहर कूद गए तो अंदर बैठे लोग चीखने चिलाने लगे। मिली जानकारी के अनुसार, मझौलिया स्टेशन का आउटर होने के कारण ट्रेन की स्पीड कम थी। धुआं निकलने की जानकारी मिलते ही लोकोपायलट ने ट्रेन रोक दी। इसके बाद लोग बोगी से निकलकर भागने लगे। दूसरी रेल लाइन पर यात्रियों की भीड़ जमा हो गई। ट्रेन में आग लगने की आशंका से चारों तरफ चीख-पुकार मच गई। लोको पायलट समेत अन्य स्टाफ ने धुआं निकलने की जांच की। वहीं, ट्रेन पर सवार मझौलिया चीनी मिल कर्मी राजू श्रीवास्तव ने बताया कि जांच को लेकर आधा घंटा तक ट्रेन रुकी रही। उसके बाद गाड़ी को आगे बढ़ाया गया। इसके साथ ही इस मामले में मझौलिया के स्टेशन मास्टर प्रसून राय ने बताया कि सत्याग्रह एक्सप्रेस का मझौलिया स्टेशन पर स्टॉपेज है। इसको लेकर ट्रेन की रफ्तार धीमी करने के लिए लोको पायलट ने ब्रेक लगाया। इससे ट्रेन के पिछले स्लीपर कोच के ब्रेक से धुआं निकलने लगा था।

उसे देखकर ट्रेन में सवार यात्रियों को भ्रम हो गया और बचाव के लिए लोग ट्रेन से बाहर निकल गए। उधर, धुआं निकलने की जांच में पता चला कि ट्रेन में आग नहीं लगी थी। घटना में किसी तरह कोई नुकसान भी नहीं हुआ और कोई हताहत भी नहीं हुआ। जांच के बाद ट्रेन को गुरचुरवा रेल गुमटी से मझौलिया के लिए रवाना किया गया। मझौलिया में दो मिनट तक रुकने के बाद ट्रेन आनंद विहार के लिए रवाना हो गई। सभी यात्री सुरक्षित अपनी यात्रा पर निकल गए।

राघव चड्ढा को 'आप' ने दी बड़ी जिम्मेदारी

# राज्यसभा में राघव चड्ढा बने 'आप' के नेता



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा में सांसद राघव चड्ढा को बडी जिम्मेदारी सौपी है। उन्हें संजय सिंह की जगह उच्च सदन में पार्टी का नया नेता बनाया गया है। पार्टी की ओर से सभापति जगदीप धनकड को लिखे पत्र में कहा गया है कि संजय सिंह स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसलिए उनकी गैर मौजूदगी में राघव चड्ढा राज्यसभा में पार्टी के नये नेता होंगे। मालूम हो कि संजय सिंह दिल्ली शराब नीति मामले में इस समय तिहाड जेल में बंद हैं। राज्यसभा सचिवालय ने इस बात की पुष्टि की है कि आम आदमी पार्टी ने राघव चड्ढा को राज्यसभा में नेता नियुक्त करने का एक पत्र लिखा है। फिलहाल आम आदमी पार्टी के राज्यसभा में 10 सदस्य हैं और राघव चड्ढा राज्यसभा के सबसे युवा सदस्यों में हैं। बतादें कि सितम्बर में मानसून सत्र के दौरान राघव चड्ढा को दिल्ली सेवा विधेयक पर एक प्रस्ताव में पांच सांसदों के फर्जी हस्ताक्षर करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था। जिसके निर्देश पर चड्ढा ने सदन से माफी मागी और 4 दिसम्बर को उनका निलंबन खत्म हो गया। वे 115 दिनों तक निलंबित रहे।

# मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाली के लिए समय सीमा तय नहीं कर सकते: लेफ्टिनेंट जनरल



**कोलकाता, एजेंसी।** सेना के पूर्वी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर.पी. कलिता ने शनिवार को कहा कि संघर्षग्रस्त मणिपुर में शांति लौट रही है, लेकिन उत्तर-पूर्वी राज्य में सामान्य स्थिति की बहाली के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के साथ-साथ सुरक्षा बलों द्वारा बातचीत और अन्य माध्यमों से स्थायी शांति लाने के प्रयास जारी हैं।

पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ ने कोलकाता के फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर एक पुष्पांजलि समारोह के मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, 'मणिपुर में 3 मई को हिंसा भड़कने के बाद असम राइफल्स को बुलाया गया था। हमने राज्य पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के साथ मिलकर काम किया और अगले 7-10 दिन में कुछ हद तक सामान्य स्थिति लाने में सफल रहे। कानून-व्यवस्था की स्थिति काफी हद तक नियंत्रण में आ गई है।' विजय दिवस 1971 के युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जीत का प्रतीक है जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश को मुक्ति मिली थी। उन्होंने कहा कि मणिपुर में हिंसा की छिटपुट घटनाएं हुई हैं लेकिन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए बातचीत और सक्रिय भूमिका के माध्यम से प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि, दोनों समुदायों के हाथों में बड़ी संख्या में हथियार होने और सीमा पार म्यांमार में अस्थिरता का असर पड़ा है। लेफ्टिनेंट जनरल कलिता ने कहा, 'छिटपुट घटनाओं की संभावना है लेकिन सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। सरकारों की ओर से सुलह प्रक्रिया जारी है। हमारा उद्देश्य हिंसा को कम करना है।' उन्होंने कहा कि हिंसा के पीड़ितों के शवों का परिवहन शुक्रवार को हुआ और कांगपोकपी में 19 शवों का अंतिम संस्कार किया जा चुका है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**भारत जोड़ो यात्रा का दूसरे....** कार्यक्रम की तैयारी और उसे दुरुस्त करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर भारत की पहाड़ी और ठंड की स्थिति को देखते हुए यात्रा की योजना में कई चीजें शामिल हैं। सूत्र ने यह भी कहा कि यात्रा के दौरान पूरे रास्ते के शहरों और गांवों में कई नुक्कड़ और सार्वजनिक बैठकें होंगी। भारत जोड़ो यात्रा पिछले साल 7 सितंबर को तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई और केरल, कर्नाटक, तेलंगाना, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेशों दिल्ली और जम्मू-कश्मीर से होकर गुजरी। यात्रा 30 जनवरी को श्रीनगर में संपन्न हुई। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आगे बढ़कर यात्रा का नेतृत्व किया और कई सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया और यात्रा के दौरान समाज के कई समूहों से भी मुलाकात की।

**संसद में हुई घटना का....** है देश का सबसे बड़ा और ज्वलन्त मुद्दा बेरोजगारी। उन्होंने कहा, संसद सुरक्षा में हुई घटना के पीछे सबसे बड़ा कारण बेरोजगारी और महंगाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

**कांग्रेस कल से एकत्रित करेगी....** को अपने ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान, 'डोनेट फॉर देश' के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज कोष से प्रेरित है और इसका उद्देश्य एक श्रेष्ठ भारत बनाने में हमारी पार्टी को सशक्त बनाना है।

उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर मतदाताओं का सामना करने से कतराने का आरोप लगाया

# विधानसभा चुनावों में देरी के खिलाफ एकजुट हुई एनसी व पीडीपी

**धारा 370 की बहाली के लिए अपना संघर्ष जारी रखने का कर रहे वादा**



**श्रीनगर, एजेंसी।** मुख्यधारा के क्षेत्रीय राजनीतिक दलों और कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव में देरी के लिए केंद्र के खिलाफ अपना स्वर तेज कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष, उमर अब्दुल्ला ने भाजपा पर मतदाताओं का सामना करने से कतराने का आरोप लगाया है और एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री, महबूबा मुफ्ती के नेतृत्व वाली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने भाजपा पर विधानसभा चुनावों में देरी करके उपराज्यपाल के माध्यम से जम्मू-कश्मीर पर अपना शासन जारी रखने का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने भाजपा पर केंद्र शासित प्रदेश में लोकतंत्र की बहाली के लिए काम करने के बजाय अपनी पार्टी के एजेंडे को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है।

एनसी, पीडीपी और अवामी नेशनल कॉन्फ्रेंस जैसे क्षेत्रीय मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने सीपीआई-एम के साथ मिलकर पीपुल्स अलायंस फॉर गुपकर डिक्लेरेशन नामक गठबंधन बनाकर एक-दूसरे से दूरी बना ली है। मूल रूप से अनुच्छेद 370 की बहाली और जम्मू-कश्मीर के लिए राज्य का दर्जा के लिए एकजुट होकर काम करने की योजना बनाई गई थी, गठबंधन अब केंद्र शासित प्रदेश में भाजपा को सत्ता से बाहर रखने के लिए कमोबेश एक संयुक्त मोर्चे में तब्दील हो गया है। एनसी और पीडीपी दोनों ही विधानसभा चुनावों के लिए अपनी तैयारी दिखाने के लिए राजनीतिक गतिविधियां चला रहे हैं।

विडंबना यह है कि पीडीपी का गठन दिवंगत मुफ्ती मोहम्मद सैयद ने एनसी के खिलाफ मतदाताओं को एक क्षेत्रीय विकल्प प्रदान करने के लिए किया था। आज, दोनों ने उस चीज़ के लिए हाथ मिलाया है, जिसे दोनों पार्टियां 'जम्मू-कश्मीर के लोगों का व्यापक हित' कहती हैं। दोनों दलों के मध्य स्तर के नेताओं के एक-दूसरे के खिलाफ बयानों के बावजूद, एनसी और पीडीपी के शीर्ष नेताओं ने गठबंधन को बनाए रखने की कोशिश की है। दोनों मुख्य रूप से घाटी केंद्रित पार्टियां हैं, विधानसभा चुनाव के दौरान वे अपने बीच सीटें कैसे साझा करते हैं यह एक खुला प्रश्न बना हुआ है।

दोनों कट्टर प्रतिद्वंद्वियों ने अतीत में एक-दूसरे पर झूठे वादे करके मतदाताओं का शोषण करने का आरोप लगाया है। दोनों पार्टियां साझा वादे कैसे करती हैं और ये वादे क्या होंगे, यह भी देखना होगा। जहां तक धारा 370 की बहाली का सवाल है, सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने उस अध्याय को हमेशा के लिए बंद कर दिया है, हालांकि एनसी और पीडीपी दोनों ने कहा है कि वे धारा 370 की बहाली के लिए अपना संघर्ष जारी रखेंगे। ये दोनों पार्टियां जम्मू-कश्मीर में सत्ता में आने पर भी धारा 370 कैसे बहाल करा सकती हैं? कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर पर कहा है कि अगर पार्टी केंद्र में सत्ता में आई तो अनुच्छेद 370 को बहाल किया जाएगा।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।